26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शनिवार, 7 फरवरी, 2026

अंक- 105 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## भारत और अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते के ढांचे पर सहमत हुए

**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** भारत और अमेरिका एक अंतरिम व्यापार समझौते के ढांचे (फ्रेमवर्क) पर सहमत हो गए हैं, जिसमें भारी शुल्क कटौती, व्यापक बाजार पहुंच और आपूर्ति श्रृंखला में अधिक सहयोग का वादा किया गया है। यह एक व्यापक भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के प्रयासों में एक बड़ी सफलता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटनाक्रम का स्वागत करते हुए इसे भारत और अमेरिका के लिए बड़ी खुशखबरी बताया और दोनों देशों में रोजगार, नवाचार और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की इसकी क्षमता पर जोर दिया।

## विधानसभा चुनाव की तैयारी तेज करें कार्यकर्ता, बसपा के खिलाफ हो रही साजिशें- मायावती

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने शनिवार को पार्टी की एक अहम बैठक में आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को अभी से पूरी ताकत के साथ जुट जाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि चुनाव में अब ज्यादा समय नहीं बचा है, ऐसे में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना और जनता के बीच सक्रिय रहना बेहद जरूरी है।

तुरन्त आवश्यकता

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये
अलमीरा कारीगर- 10
पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607, 9389076177

जिले का पहला एवं एकमात्र
Sports Injury & Joint Replacement Centre

भगवती ऑर्थोपेडिक
एण्ड स्पोर्ट्स इंजरी हॉस्पिटल

डॉ. मनु अग्रवाल
M.B.B.S., M.S. FITS, (Banglore)
FiAS, FIJR (JAIPUR)

-सुविधाएं-
1. घुटने की गद्दी (MENISCUS) फटना
2. लिगामेंट का टूटना (ACL/PCL)
3. पुरानी चोट या आप्रेशन की वजह से घुटना ना मुंढना
4. कंधे का बार-बार उतरना (SHOULDER DISLOCATION) 5. कंधे की नस का दबना या फट जाना (Rotator Cuff Tear) 6. कुल्हे का बदलना (DAA) /घुटने का बदलना (विदेशी Implant के साथ)
7. टूटी हड्डियों का Operation (Titanium Implant से किया जाता है।



निम्न बीमारियों का आप्रेशन आयुष्मान योजना के अन्तर्गत भी होता है।

रविवार अवकाश

समय प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक सायं 6 बजे से 7 बजे तक

पता- निकट रेलवे स्टेशन चौराहा, किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9829211842, 8218989411



बिछड़ा वो इस अदा से कि रुत ही बदल गई
एक शख्स सारे शहर को वीरान कर गया

स्व. राममोहन अग्रवाल

को आज
जन्मदिन
पर शत शत नमन

जन्म- 07.02.1965
मृत्यु- 06.02.2026

आपने अपना पूरा जीवन समाज, राष्ट्र और संगठन को दिया!

हम आपको कभी भुला नहीं पायेंगे! आप अपने सेवा कार्यों और आदर्शों के रूप में सदैव हमारे दिलों में रहेंगे!

सेवा कार्य-
1985 से विद्यार्थी परिषद से जुड़े।
1988 में युवा मोर्चा के जिला मंत्री।
1990 में नगर मंत्री भाजपा।
2000 से 2003 बिजनौर नगर अध्यक्ष।
2004 में जिला कार्यसमिति।
2007-2011 में व्यापारी सुरक्षा फोरम (प्रदेश मंत्री)
2016-2019 में सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी।
2022-2023 आजीवन सहयोग निधि अभियान (जिला संयोजक)
मंडल प्रभारी कासमपुर गढ़ी
मंडल प्रभारी सहसपुर
मंडल प्रभारी मोरना
एवं अन्य विभिन्न दायित्वों का निर्वहन किया।

-श्रद्धावनत-
परिजन, पार्टीजन, मित्रगण और शुभचिंतक

# भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा जारी

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर दोनों देशों की ओर से एक संयुक्त बयान घोषित कर दिया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि यह समझौता भारत में कृषि,मत्स्य,सूक्ष्म लघु और मझोले उद्योग तथा अन्य श्रम गहन क्षेत्रों में रोजगार के विशाल अवसर उत्पन्न करेगा तथा इससे दोनों देशों के बीच उच्च पद प्रौद्योगिकी, नवाचार और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के क्षेत्र में सहयोग बढ़ेगा।

श्री मोदी ने दोनों देशों के बीच हुई सहमति को भारत और अमेरिका के आपसी संबंधों की मजबूती के प्रति राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रतिबद्धता बताया है।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने दोनों देशों के बीच अंतरिम व्यापार समझौते के लिए हुई सहमति पर एक विज्ञप्ति में कहा है, अमेरिका और भारत यह घोषणा करते हुए प्रसन्न हैं कि वे पारस्परिक और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार से संबंधित एक अंतरिम समझौते (अंतरिम समझौता) के ढांचे पर सहमत हो गए हैं।

आज के समझौते की यह रूपरेखा 13 फरवरी, 2025 को राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रम्प और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए व्यापक अमेरिका-भारत द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) वार्ता के प्रति दोनों देशों की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है, जिसमें बाजार में प्रवेश को और आसान बनाने की प्रतिबद्धताएं शामिल होंगी और अधिक लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं को समर्थन मिलेगा।



विज्ञप्ति में कहा गया है कि अमेरिका और भारत के बीच यह अंतरिम समझौता हमारे देशों की साझेदारी में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा, जो पारस्परिक हितों और ठोस परिणामों पर आधारित पारस्परिक और संतुलित व्यापार के प्रति साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

अंतरिम समझौते की प्रमुख शर्तों के बारे में संयुक्त बयान में कहा गया है कि यह समझौता दोनों देशों के सभी औद्योगिक सामानों और अमेरिकी खाद्य एवं कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर शुल्कों को समाप्त या कम करेगा, जिसमें सूखे डिस्टिलर्स ग्रेन्स (डीडीजी), पशु आहार के लिए लाल ज्वार, मेवे, ताजे और प्रसंस्कृत फल, सोयाबीन तेल, शराब और स्पिरिट तथा अन्य उत्पाद शामिल हैं।

इसके तहत भारत के साथ व्यापार के बारे में अमेरिका के 2 अप्रैल, 2025 के सरकारी आदेश को संशोधित किया गया है।

इन संशोधनों के अनुसार भारत में निर्मित वस्तुओं पर अमेरिका में 18 प्रतिशत की परस्पर अनुवर्ती दर से शुल्क लागू होंगे। इस शुल्क के तहत आने वाली वस्तुओं में वस्त्र और परिधान, चमड़ा और जूते, प्लास्टिक और रबर, जैविक रसायन, घरेलू सजावट, हस्तशिल्प उत्पाद और कुछ मशीनरी शामिल हैं।

अंतरिम समझौते के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर अमेरिका पिछले साल 5 सितंबर को जारी आदेश को संशोधित करेगा। अमेरिका पिछले साल सितंबर में प्रशुल्क समायोजन संबंधी अपने आदेश में शामिल वस्तुओं की एक विस्तृत श्रृंखला पर जवाबी शुल्क हटा देगा। इन वस्तुओं में जेनेरिक दवाएं , रत्न और हीरे और विमान के पुर्जे शामिल हैं। अमेरिका, भारत के कुछ विमानों और विमान पुर्जों पर लगाए गए उन शुल्कों को भी हटा देगा, जो 8 मार्च, 2018 और 30 जुलाई, 2025 के आदेशों में उल्लेखित राष्ट्रीय सुरक्षा के खतरों को समाप्त करने के लिए लगाए गए थे। इसी प्रकार, अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा आवश्यकताओं के अनुरूप, भारत को उन ऑटोमोबाइल पुर्जों के निर्यात के लिए लिए शुल्क दर आधारित कोटा प्राप्त होगा, जिन पर 17 मई, 2019 के आदेश और उसके बाद संशोधित आदेशों में राष्ट्रीय सुरक्षा के खतरों को समाप्त करने के लिए शुल्क लागू था। अंतरिम समझौते के तहत फार्मास्यूटिकल्स और फार्मास्युटिकल अवयवों की अमेरिकी धारा 232 जांच के निष्कर्षों के आधार पर, भारत को जेनेरिक फार्मास्यूटिकल्स और अवयवों के संबंध में बातचीत के माध्यम से समाधान निकल जाएंगे। विज्ञप्ति के अनुसार दोनों देश एक-दूसरे को अपने-अपने हित के क्षेत्रों में निरंतर आधार पर तरजीही बाजार पहुंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अमेरिका और भारत ऐसे उत्पत्ति नियम स्थापित करेंगे, जो यह सुनिश्चित करेंगे कि समझौते के लाभ मुख्य रूप से अमेरिका और भारत को ही प्राप्त हों। अमेरिका और भारत द्विपक्षीय व्यापार को प्रभावित करने वाली गैर-प्रशुल्कीय की बाधाओं का समाधान करेंगे। संयुक्त वक्तव्य के अनुसार भारत अमेरिकी चिकित्सा उपकरणों के व्यापार में लंबे समय से चली आ रही बाधाओं को दूर करने, अमेरिकी सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) वस्तुओं के लिए बाजार पहुंच में देरी करने या उन पर मात्रात्मक प्रतिबंध लगाने वाली प्रतिबंधात्मक आयात लाइसेंसिंग प्रक्रियाओं को समाप्त करने और समझौते के लागू होने के छह महीने के भीतर, सकारात्मक परिणाम की दिशा में, यह निर्धारित करने पर सहमत है कि क्या अमेरिकी-विकसित या अंतर्राष्ट्रीय मानक, जिनमें परीक्षण आवश्यकताएं भी शामिल हैं, भारतीय बाजार में प्रवेश करने वाले अमेरिकी निर्यात के लिए चिन्हित क्षेत्रों में स्वीकार्य हैं।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की मुख्य बातें

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर जारी संयुक्त वक्तव्य की मुख्य बातें इस प्रकार हैं-

अमेरिका और भारत के बीच 6 फरवरी 2025 को जारी अंतरिम समझौते की रूपरेखा आगे चलकर बड़े द्विपक्षीय व्यापार समझौते की नींव रखेगा।

-भारत अमेरिकी औद्योगिक सामानों और कई खाद्य एवं कृषि उत्पादों पर शुल्क खत्म करेगा या बहुत कम करेगा।

- ऐसे उत्पादों में
  - ड्राई डिस्टिलर्स ग्रेन
  - लाल ज्वार (पशु चारा के लिए)
  - बादाम, अखरोट आदि ड्राई फ्रूट्स
  - ताजे और प्रोसेस्ड फल
  - सोयाबीन तेल
  - वाइन और स्पिरिट्स

अमेरिका भारतीय सामान (जैसे कपड़ा, चमड़ा, जूते, प्लास्टिक, रबर, रासायनिक उत्पाद, घरेलू सजावट, हस्तशिल्प, कुछ मशीनरी) पर 18 प्रतिशत का परस्पर अनुवर्ती शुल्क लगाएगा।

अंतरिम समझौता सफलतापूर्वक पूरा होने पर कई भारतीय सामानों पर यह शुल्क पूरी तरह हट जाएगा। ऐसे सामानों में

- जेनेरिक दवाइयां
- रत्न और हीरे
- विमान के कल पुर्जे

अमेरिका कुछ राष्ट्रीय सुरक्षा वाले शुल्कों को हटाएगा, जिससे स्टील, एल्युमिनियम, कॉपर तथा भारतीय विमान और पार्ट्स के कारोबार को फायदा होगा।

भारत को ऑटोमोबाइल पार्ट्स के लिए अमेरिका में विशेष कम शुल्क आधारित कोट का लाभ मिलेगा। दवाइयों पर अलग जांच के बाद और लाभ मिल सकता है।

दोनों देश महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एक-दूसरे को प्राथमिकता से बाजार में प्रवेश के अवसर देंगे।

भारत अगले 5 साल में अमेरिका से 500 अरब डॉलर का सामान खरीदने की योजना बना रहा है, जिनमें

- ऊर्जा उत्पाद (तेल, गैस)
- विमान और पार्ट्स
- कीमती धातु
- टेक्नोलॉजी उत्पाद (जैसे जीपीयू, डेटा सेंटर सामान)
- कोकिंग कोल

टेक्नोलॉजी उत्पादों का व्यापार बहुत बढ़ेगा।

दोनों देश व्यापार में आने वाली दूसरी मुश्किलों को दूर करेंगे।

भारत अमेरिकी मेडिकल डिवाइस, आईटी सामान की आयात लाइसेंसिंग, मानक/टेस्टिंग और खाद्य/कृषि उत्पादों की समस्याएं हल करेगा।

भारत 6 महीने में तय करेगा कि अमेरिकी या अंतरराष्ट्रीय मानक स्वीकार कर सकता है या नहीं।

-दोनों पक्ष डिजिटल व्यापार की बाधाएं भी हटाएंगे और भविष्य में मजबूत नियम बनाएंगे।

**अन्य महत्वपूर्ण बातें**

वास्तु के मूल स्रोत के नियम बनेंगे ताकि लाभ मुख्य रूप से अमेरिका और भारत को ही मिले।

भारत और अमेरिका सप्लाई चेन मजबूत करेंगे, निवेश की जांच, निर्यात नियंत्रण और आर्थिक सुरक्षा पर सहयोग बढ़ाएंगे।


अगर शुल्क में बदलाव हुआ तो दोनों में से कोई भी पक्ष समझौते में संशोधन कर सकता है।

## प्रतिबंधित दवा रखने के मामले में मेडिकल स्वामी की जमानत याचिका निरस्त

**बिजनौर ( चिंगारी )।** तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्रशांत मित्तल ने प्रतिबंधित दवा रखने वाले मेडिकल स्वामी शिवांशु सिंह की जमानत याचिका निरस्त कर दी है। विशेष लोक अभियोजक रीतेश कुमार चौहान के अनुसार जिला औषधि निरीक्षक उमेश कुमार भारती ने थाना कोतवाली शहर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि मुख्यालय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश लखनऊ से प्राप्त सूचना एवं निदेशक अनुपालन में बिजनौर ग्राम रशीदपुर गढ़ी स्थित फर्म मैसर्स शिव शक्ति बालाजी मेडिकोज का 18 नवम्बर 2025 को निरीक्षण किया गया, जिसमें कोडीनयुक्त सीरप के भंडारण की जांच की गई, इससे संबंधित कोई भी दस्तावेज या औषधि लायसेंस नहीं मिला। अनियमितता मिलने पर स्वामी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई। इस मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्रशांत मित्तल ने जमानत का आधार न पाकर शिवांशु पुत्र हरमेंदर निवासी मोहल्ला साहित्य विहार निकट बालाजी मंदिर थाना कोतवाली शहर की जमानत याचिका निरस्त कर दी है

## नजीबाबाद के 4 छात्रों ने हासिल किया सॉफ्टवेयर कंपनी में प्लेसमेंट

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** एनआईजीसी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट नजीबाबाद के लिए यह अत्यंत गर्व का क्षण है। संस्थान में आयोजित वर्चुअल प्लेसमेंट ड्राइव के अंतर्गत दिल्ली स्थित वेब डेवलपिंग कम्पनी ब्लैक एम्पली टेक्नोलॉजी द्वारा बीटेक कम्प्यूटर साइंस के विद्यार्थियों के लिए चयन प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यह चयन प्रक्रिया दो चरणों (राउंड) में आयोजित की गई। प्रथम राउंड में कुल 27 विद्यार्थियों में से 18 विद्यार्थियों का चयन किया गया। इसके बाद आयोजित द्वितीय राउंड में 4 विद्यार्थियों का चयन विब डवलेपर पद के लिए किया गया। चयनित विद्यार्थियों को कंपनी की एचआर मैनेजर सुश्री निकिता गुप्ता द्वारा 6 लाख रुपये प्रति वर्ष (6 एलपीए) का आकर्षक पैकेज प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंधन निदेशक अवनीश अग्रवाल, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अभिनव अग्रवाल, प्राचार्या डॉ. शिवानी चौहान एवं प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर सरफराज अहमद सहित समस्त शिक्षकों ने चयनित विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं तथा इसे विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन एवं संस्थान की गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा का प्रतिफल बताया।






-----------------------

# मंडोरा जट में दिनदहाड़े लूट

## एक महिला सहित तीन बदमाशों ने राशन डीलर के घर में घुसकर 30 लाख रुपये के आभूषण लूटे

बिजनौर (चिंगारी)। आज सुबह जनपद के हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई, जबकि तीन बदमाशों ने जिनमें एक महिला भी शामिल थी, ग्राम मंडोरा जट में एक राशन डीलर के घर में घुसकर उसकी पत्नी की गर्दन पर चाकू रख दिया और अलमारी तोड़कर लाखों रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण लूट लिये।

हीमपुर दीपा संवाददाता फिरोज आलम द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आज सुबह लगभग 10 बजे एक महिला व दो पुरुष ग्राम मंडोरा जट में राशन डीलर अमित कुमार के घर में घुस गये। उस समय अमित कुमार की पत्नी शिवानी आंगन में बैठी अपने तीन माह के पुत्र को दूध पिला रही थी। बदमाशों ने घर में घुसते ही शिवानी के गले पर चाकू रखकर लूटपाट शुरू कर दी। अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखे लगभग 30 लाख रुपये के आभूषण लूट लिये। शिवानी के विरोध करने पर बदमाशों ने उनके साथ मारपीट भी की तथा मंगलसूत्र व सोने के कुंडल भी लूट लिये। शिवानी ने बताया कि बदमाश देखने में भिखारी जैसे लग रहे थे।



घटनास्थल पर जांच-पड़ताल करते हुए एसपी अभिषेक झा।

घटना के समय शिवानी और उनका तीन माह का अबोध पुत्र ही घर पर थे। शिवानी के पति अमित कुमार अपनी बहन को एग्जाम दिलाने मुरादाबाद गये थे, जबकि ससुर योगेंद्र सिंह पशुओं के लिये चारा लेने जंगल गये हुये थे। अमित का भाई सुमित फौज में है और उसकी पोस्टिंग श्रीनगर में है। घटना को अंजाम देकर तीनों बदमाश फरार हो गये। बाद में शिवानी के शोर मचाने पर ग्रामीण इकट्ठा हो गये। शिवानी के गले पर चोट लगी है।

यह खबर पूरे इलाके में जंगल की आग की तरह फैल गई। सूचना मिलने पर एसपी अभिषेक झा, एएसपी प्रकाश कुमार तथा सीओ चांदपुर देशदीपक मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। एसपी अभिषेक झा ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की मदद से बदमाशों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। जल्द ही घटना का अनावरण किया जायेगा। अमित कुमार के घर के चारों ओर ऊंची-ऊंची दीवारें हैं और दो दरवाजे हैं। एक दरवाजा भीतर से, जबकि दूसरा बाहर से बंद था, उसी को खोलकर बदमाश घर में घुसे।



घटना से सदमे में शिवानी।

### दूसरे गांव में भीख मांग रहे लोगों को पकड़ा

मंडोरा जट में राशन डीलर अमित कुमार के घर में लूट की खबर से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने ग्राम पुट्ठा माढ़ी में भीख मांग रहे दो महिलाओं व तीन पुरुषों को पकड़ लिया और पहचान के लिये उन्हें मंडोरा ले गये। लेकिन शिवानी ने बताया कि इनमें से कोई भी घटना में शामिल नहीं था।

### बदमाशों ने बैंक अधिकारी बनकर रेकी की थी

शिवानी ने बताया कि 10 दिन पहले अपने आप को यूनियन बैंक का अधिकारी बताकर उनके पति राशन डीलर अमित कुमार के बारे में जानकारी करने आये थे। समझा जाता है कि उन्हीं लोगों ने घटना को अंजाम दिया। रेकी के उद्देश्य से ये लोग बैंक अधिकारी बताकर आये थे। योगेंद्र सिंह का कहना है कि दोनों बेटों की शादी के आभूषण अलमारी के लॉकर में रखे हुये थे, जिन्हें बदमाश लूटकर ले गये।

### चोटिल मादा गुलदार का दो दिन बाद भी नहीं हो पाया स्वास्थ्य परीक्षण

नजीबाबाद ( चिंगारी )। क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर चैगांवा के निकट पकड़े गए मादा गुलदार का दूसरे दिन भी स्वास्थ्य परीक्षण नहीं कराया गया। नजीबाबाद-कोटद्वार हाईवे के निकट गांव अकबरपुर-चैगांवा क्षेत्र के एक खेत में शिकारी ने खटका लगा रखा था। गुरूवार को शिकारी के खटके में करीब तीन वर्षीय मादा गुलदार फंस गई थी, ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची सामाजिक वानिकी टीम ने गुलदार को कब्जे में लेकर विभाग की जालपुर स्थित नर्सरी में पहुंचा दिया था। दो दिन बीतने के बाद भी मादा गुलदार का स्वास्थ्य परीक्षण नहीं कराया गया। ग्रामीणों के मुताबिक अकबरपुर चैगांवा के निकट खटके में घंटों तक गुलदार के फंसे रहने से गुलदार चोटिल हो गई थी। डिप्टी रेंजर हरगोविंद सिंह ने बताया कि मादा गुलदार का स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा गया है। फिलहाल मादा गुलदार को जालपुर नर्सरी में रखा गया है। घटनास्थल से अन्य कोई खटका नहीं मिला था।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER
इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
आर्मी मैन व पुलिसकर्मियों के लिये 5,000/- रुपये की आकर्षक छूट
अब एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर की सर्विस सेंटर आपके धुव्रिका मोटर्स पर उपलब्ध है।

एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक
एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।
सेल्स एग्जीक्यूटिव Male & Female
मैकेनिक Male
E&periance Minimum 1 Years
( समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक )
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

**भली लगे या बुरी ...**

## भारत-अमेरिका डील

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के विस्तृत विवरण अभी भले ही सामने न आए हों, पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर टैरिफ 50 प्रतिशत से घटा कर फौरन 18 प्रतिशत करने की घोषणा से भारत में उत्साह का माहौल है। यह उत्साह संसेक्स में तेज उछाल तथा डालर की तुलना में रुपये की स्थिति मजबूत होने के रूप में सामने आया है। व्यापार-उद्योग जगत ने व्यापार समझौते से बहुत सी उम्मीदें लगा रखी हैं। इससे दुनिया के दो बड़े लोकतांत्रिक देशों के बीच संबंध और मजबूत होंगे जिनमें पिछले दिनों काफी खटास आ गई थी। हालांकि इस डील से भारत और रूस के संबंधों में दरार आ सकती है, क्योंकि डोनाल्ड ट्रंप ने स्पष्ट रूप से कहा है कि भारत प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रूस से तेल नहीं खरीदेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजग संसदीय दल को संबोधित करते हुए कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता एक ऐतिहासिक फैसला है जिससे देश के हर नागरिक को लाभ मिलेगा। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि इस व्यापार समझौते से दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझीदारी नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगी, व्यापारिक संबंध और मजबूत होंगे तथा परस्पर विकास को बढ़ावा मिलेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी इसे द्विपक्षीय संबंधों के लिए निर्णायक कदम बताया है। दूसरी ओर कांग्रेस समेत विपक्ष ने वर्तमान समय में अचानक समझौते की घोषणा पर आश्चर्य और संदेह प्रकट किया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी का कहना है कि यह समझौता पूरी तरह बाहरी दबाव में किया गया है। उन्होंने पूछा कि जब पिछले कई महीने से वार्ता में गतिरोध आ गया था, तब अचानक बिना कोई नई स्थितियां सामने आए अचानक समझौते का निर्णय कैसे हो गया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बेहद दबाव में हैं और उन्होंने 'देश को बेच दिया है।' राहुल गांधी ने कहा कि देश के किसानों को यह समझना चाहिए कि यह सरकार भारत के कृषि क्षेत्र को अमेरिका के लिए पूरी तरह खोलने जा रही है। उन्होंने मांग की कि संसद में समझौते का पूरा विवरण रख कर इस पर विस्तृत चर्चा होनी चाहिए। कुल मिलाकर इस डील के परिणामों के लिये अभी कुछ दिन प्रतीक्षा करनी होगी।

# ज़िले की सड़कों पर हर रोज़ बुझ रहे ज़िंदगी के चिराग़

## फिर भी नहीं खुल रहीं आंखें

-मरगूब रहमानी

**बिजनौर (चिंगारी)।** जनपद की सड़कों पर मानो मौत डेरा डाले बैठी है। बीते पखवाड़े में हुए सड़क हादसों ने 15 से अधिक घरों के चिराग बुझा दिये। कहीं माँ-बेटी, कहीं पिता-पुत्री तो कहीं दोस्तों को बीच रास्ते में ही मौत ने निगल लिया। 21 जनवरी से 4 फरवरी तक सड़क दुर्घटनाओं में 15 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। अनेक लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जो अस्पतालों में जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, मगर लोग लापरवाही की रफ्तार पर ब्रेक नहीं लगा पा रहे। दुपहिया वाहन चालक हैलमेट, चौपाहिया वाहन चालक सीट बेल्ट लगाने को तौहीन समझते हैं। यातायात नियमों के प्रति लापरवाही के कारण ही सड़क दुर्घटनायें बढ़ रही हैं। गत 4 फरवरी को धामपुर क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में शेरकोट निवासी माँ-बेटी की दर्दनाक मौत हो गई थी। कोतवाली देहात क्षेत्र में दो युवकों की असमय मौत ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं।



3 फरवरी को हीमपुर दीपा क्षेत्र में पिता-पुत्री हादसे का शिकार हुए। 2 फरवरी को नागीना में एक युवक की जान चली गई। 1 फरवरी को नूरपुर में एक युवक काल का ग्रास बन गया। 23 जनवरी को अफजलगढ़ में एक युवक की मौत हुई। 22 जनवरी को शेरकोट में एक छात्र की जिंदगी की किताब असमय बंद हो गई। 21 जनवरी को किरतपुर में दो दोस्त मौत का निवाला बन गये। इसी दिन चांदपुर क्षेत्र का सेना का एक जवान व उसका दोस्त सड़क हादसे में जान गंवा बैठा। चांदपुर क्षेत्र के एक अन्य युवक की भी उसी दिन सड़क हादसे में मौत हो गई।

इन हादसों में मरने वालों में अधिकांश दुपहिया वाहन सवार थे, जिन्होंने हेलमेट नहीं लगाया था। तेज रफ्तार, लापरवाही और नियमों की अनदेखी ने उनके सपनों को सड़क पर ही कुचल दिया। मरने वालों के घरों में गम का सन्नाटा पसरा है, किसी मां की गोद उजड़ गई। सूनी है, किसी बहन से कलाई पर राखी बांधने वाला बिछड़ गया। किसी पत्नी की मांग हमेशा के लिए सूनी हो गई। सवाल यह है कि कब तक यूं ही सड़कें लाशें निगलती रहेंगी और हम आंख मूंदे मौत का दिल दहला देने वाला तमाशा देखते रहेंगे?

### हरगिज़ न भूलें

▶दुपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनें। ▶ चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाएं। ▶ कोई भी वाहन चलाते समय रफ़्तार पर क़ाबू रक्खें। ▶ नशे की हालत में वाहन हरगिज़ न चलाएं। ▶ वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात न करें। ▶ रात में वाहन चलाते समय लाइट व रिफ्लेक्टर का प्रयोग करें। ▶ यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

### सीट बेल्ट व हैलमेट को क़ानूनी मजबूरी न समझें

▶सीट बेल्ट व हेलमेट सिर्फ कानूनी मजबूरी नहीं, बल्कि किसी मां का लाल, किसी बहन का भाई और किसी बच्चे का पिता बचाने का जरिया है। नियमों की अनदेखी करना मौत को न्यौता देने जैसा है।

▶ अब भी वक्त है—संभल जाइए, क्योंकि आपकी लापरवाही आपका या अन्य किसी का संसार उजाड़ सकती है।

## थोड़ी सी सावधानी से बहुत बड़ी दुर्घटना को टाला जा सकता है: डॉ. सीपी सिंह

नजीबाबाद (चिंगारी)। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बिजनौर के अध्यक्ष डॉ. सीपी सिंह ने गैस गीजर से होने वाली मौतों से बचने व जागरूकता के लिए कुछ विशेष जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि गैस गीजर में नहाते हुए, या कमरे में अंगीठी जलाकर गरमाहट के चक्कर में आए दिन होने वाली मौतों से मन द्रवित होता है, ये मौतें थोड़ी सी जागरूकता से टाली जा सकती है। उन्होंने बिजनौर जनपद की जनता से अपील है की गैस गीजर बाथरूम के बाहर इंस्टॉल होना चाहिए, सिर्फ गरम पानी का पाइप बाथरूम में जाना चाहिए। बाथरूम की खिड़की खुली होनी चाहिए, एक्जास्ट फैन चालू होना चाहिए। संभव हो तो नहाते समय गीजर बंद करना चाहिए।



अगर इलेक्ट्रिक का प्रयोग कर रहे हो तो विशेष सावधानी रखें, नहाने से पहले रोड का स्विच बंद कर दें। कमरे में सोते समय कोयले की अंगीठी ना रखें, यदि जरूरी हो तो कमरा हवादार होना चाहिए। इन सभी मौतों का कारण कार्बन मोनो ऑक्साइड गैस का बनना है, जो कि खून में ऑक्सीजन के मुकाबले बीस गुना ज्यादा घुलनशील है जो कि ब्रेन हाइपोक्सिया, कोमा व अधिक मात्रा में मौत का कारण बनती है। थोड़ी सी सावधानी से बहुत बड़ी दुर्घटना को टाला जा सकता है।

## रिपोर्ट दर्ज न होने से पीड़ित परिवार परेशान

**बिजनौर (चिंगारी)।** मारपीट की घटना के कई दिन बाद भी रिपोर्ट दर्ज न होने से पीड़ित परिवार परेशान है। वह पुलिस के चक्कर काट रहा है, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं हो रही।

स्थानीय मोहल्ला खत्रियान निवासी रिक्शा चालक तसलीम अहमद ने पुलिस अधीक्षक को दिये शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि गत 3 फरवरी की शाम करीब 5 बजे उसके पुत्र फैसल पर काशीराम कालोनी में कुछ युवकों ने लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित के अनुसार हमलावरों ने उनके बेटे को जान से मारने की नीयत से बेरहमी से पीटा। आरोप है कि घटना के दौरान जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

### आरोपियों पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

पीड़ित पक्ष का कहना है कि आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और लगातार परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं, जिससे पूरा परिवार भयभीत है।

पीड़ित ने यह भी बताया कि घटना के संबंध में कोतवाली शहर बिजनौर में तहरीर दी गई थी, लेकिन अभी तक आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई और न ही कोई कार्रवाई हुई। इससे आरोपियों के हौसले बुलंद हैं और वे दोबारा किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित परिवार का कहना है कि वे गरीब हैं और रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। अब लगातार मिल रही धमकियों के चलते उनका घर से निकलना भी मुश्किल हो गया है। परिवार को किसी गंभीर अनहोनी की आशंका बनी हुई है।

पीड़ित तसलीम अहमद ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए तथा उनके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

इस मामले ने एक बार फिर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिये हैं। पीड़ित परिवार को अब सिर्फ न्याय का इंतजार है, लेकिन हर गुजरता दिन उनके डर को और गहरा कर रहा है। अगर आज कार्रवाई नहीं हुई, तो कल किसी निर्दोष की जान जा सकती है। यह कहना है पीड़ित पिता का, जिसकी आंखों में अपने बेटे की असुरक्षा का डर साफ झलकता है।

# मुस्सेपुर आश्रम में की जा रही दिव्यांग बच्चों व वृद्धजनों की सच्ची सेवा

## बच्चों को शिक्षा के साथ दी जा रही विभिन्न कार्यो की ट्रेंनिंग

नौशाद मुल्तानी

नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली क्षेत्र के ग्राम मुस्सेपुर में स्थित महर्षि दयानंद दिव्यांग आश्रम में लावारिस व असहाय दिव्यांग बच्चों तथा वृद्धजनों की अच्छी सेवा की जा रही है। इस आश्रम आर्य सुंगध संस्थान में 104 बच्चे है। दिव्यांग बच्चे सुबह पांच बजे उठते है, स्नान करने के बाद सबसे पहले हवन करते है, इसके बाद बच्चे आश्रम में







पेड़ पौधों की देखभाल व पौधे लगाने का काम भी करते है। आश्रम में बच्चों की शिक्षा के साथ उन्हें विभिन्न प्रकार के कार्यो जैसे सिलाई-कढ़ाई, बुनाई, अनेक प्रकार के मिट्टी के बर्तन व फूल बनाना, कपड़े सिलना, लिफाफे बनाने आदि की ट्रेंनिंग भी दी जाती है। आश्रम से पढ़ लिखकर काफी बच्चे बड़े पदों पर पहुंच चुके है। आश्रम से पल कर निकली काफी बच्चियां कुशल ग्रहिणी और अफसर बनी है, काफी लड़कियां आश्रम से जाने के बाद अपने स्कूल व संगीत विद्यालय चला रही है, आश्रम के बच्चे बड़े होकर कई क्षेत्रों में नाम रोशन कर चुके है, दिव्यांग बच्चों व वृद्धजनों का दोनों टाइम का खाना-नाश्ता व रहने सहित सभी सुविधा आश्रम में दी जा रही है। आश्रम में रहने वाले दिव्यांग बच्चों व वृद्धजनों से आश्रम के स्टाफ के सामने समस्या भी आती है। स्टाफ ने बताया कि कुछ दिव्यांग बच्चे बार-बार कपड़े उतारते हैं, आश्रम में रहने वाले कुछ बुजुर्ग भी है कम दिमाग है, बच्चे इनके साथ खेलते है, यह बच्चों को काफी अच्छा लगता है, वह बच्चों को कहानी सुनाते है।

## 22 साल पहले आश्रम गेट पर मिली कम दिमाग बच्ची बनी दिमागदार



नजीबाबाद (चिंगारी)। मुस्सेपुर आश्रम की संचालिका कमलेश आर्या ने बताया कि करीब एक सप्ताह की नवजात बच्ची को 22 साल पहले कोई उनके आश्रम के गेट पर रख गया था, इस लावारिस बच्ची का आश्रम में ही नामकरण के बाद नाम दीपा रखा गया। इसके बाद से दीपा की परवरिश आश्रम में चल रही है। उन्होंने बताया कि करीब दस साल तक इस बच्ची दीपा में बिल्कुल दिमाग भी नहीं था, आश्रम में पल बढ़कर मिले प्यार के बाद अब इस बच्ची का दिमाग पूरी तरह से सही हो चुका है, दीपा आश्रम में पढ़ाई करने के साथ अब सिलाई, कढ़ाई सहित सभी काम कर लेती है। इसके अलावा दीपा आश्रम के 20 दिव्यांग बच्चों की देखभाल भी करती है। दीपा ने चिंगारी को बातचीत में बताया कि अब आश्रम परिवार व आश्रम की संचालिका कमलेश आर्या ही उसके अभिभावक हैं। अगर कमलेश मैडम कभी कही चली जाती है तो आश्रम में उसका दिल नहीं लगता, आश्रम के बच्चों के साथ रहना उसे काफी अच्छा लगता है।

## कमलेश आर्या को मिल चुके सैकड़ों पुरस्कार

नजीबाबाद (चिंगारी)। मुस्सेपुर आश्रम आर्य सुंगध संस्थान की संचालिका कमलेश आर्या ने बताया कि आश्रम में पिछले करीब 35 साल से की जा रही उनकी यह सेवा खाली नहीं गई, इसके लिए अब तक उन्हें हजारों पुरस्कार मिल चुके। यह उनके लिए बहुत बड़ी खुशी की बात है, जो पौधे उन्होंने 35 साल पहले लगाए थे, वह अब बड़े हो गये। अपने लिये पशु-पक्षी भी जीते है, अपने अमूल्य समय से समय निकालकर ऐसे दिव्यांग व वृद्धजनों के उनके लिए समय लगाए, इसमें काफी आनंद आएगा। भगवान की पूजा के साथ समाज के दीन दुखियों के पास आएं, उनके बीच उपहार बांटें, समय देना बहुत बड़ा उपहार है।



## दस नई मिनी बसें नजीबाबाद डिपो से वापस, जल्दी मिलेंगी बड़ी बसें

नजीबाबाद (चिंगारी)। परिवहन निगम ने रोडवेज डिपो पर ग्रामीण अंचल क्षेत्र में संचालन के लिए भेजी गई मिनी बसें वापस ले ली हैं। माह सितम्बर में परिवहन निगम की ओर से नजीबाबाद रोडवेज डिपो को 10 नई मिनी बसें भेजी गई थी। सभी बसें 42 सीटर थीं। इन बसों को ग्रामीण अंचल क्षेत्रों में संचालित किया जाना था। निर्धारित रूट पर कुछ बसों का संचालन भी शुरू कराया गया। मिनी बसों के संचालन का उद्देश्य नजीबाबाद ग्रामीण इलाकों व आसपास के कस्बों को जोड़ना था, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के यात्रियों के लिए बेहतर व आरामदायक आवागमन की सुविधा मिल सके। जनवरी माह में रोडवेज डिपो से सभी मिनी बसों को वापस ले लिया है। रोडवेज डिपो प्रभारी संजीव शर्मा का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र में संचालन के लिए ये बसें छोटी थी। इन बसों को वापस ले लिया गया है। जल्द ही डिपो को बड़ी बसें मिलने की उम्मीद है।

भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरेशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना
"सिंदूरी"

योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रोओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गो के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स
Neal Rajput (M.B.B.S) Pranab Rajput (M.B.B.S) Roopali (M.B.B.S) Vanshika Singh (IIT) Avantika Rana (M.B.B.S) Avantika Malik (M.B.B.S)
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928


Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

# हिंदू बट रहा है तो घट भी रहा है- साध्वी प्राची

## गीता व रामायण को पढ़ाना अनिवार्य किया जाये

### नगीना में हुआ विराट हिंदू सम्मेलन



**नगीना ( चिंगारी )**। नगीना में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में मुख्य अतिथि व प्रखर वक्ता बहन साध्वी प्राची ने कहा कि हिंदू समाज ने देश हित में हम दो-हमारे दो के नारे को न केवल स्वीकार किया, बल्कि हम दो हमारा एक के मिशन को भी आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने देश हित में सरकार से जल्द जनसंख्या बिल लाने का आह्वान किया। उन्होंने हिंदू बच्चों की शिक्षा में गीता व रामायण पढ़ाया जाने को अनिवार्य किए जाने की भी मांग की उठाई।

शुक्रवार की दोपहर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज प्रांगण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि व विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल में शामिल बहन साध्वी प्राची, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सहप्रांत कार्यवाह सेवादास, विभाग कार्यवाह मुकेश, विभाग बौद्धिक शिक्षण प्रमुख संजय वर्मा, राकेश कर्णवाल, अध्यक्ष शीतल अग्रवाल आदि ने भारत माता के चित्र समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि बहन साध्वी प्राची ने कहा कि अब समय आ गया है कि जब हिंदू समाज एकजुट हो जाए। उन्होंने कहा कि समाज व परिवार में एकजुटता ही हमारी सबसे पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म अकेला ऐसा धर्म है, जो पूरे विश्व के लिए हमेशा स्वस्थ एवं सुखी रहने की कामना करता है। उन्होंने कहा हिंदू धर्म सबको गले लगाने में भी विश्वास रखता है। उन्होंने हिंदू समाज के लोगों से समाज व परिवार को टूटने न देने का आव्हान करते हुए एकजुट रहने पर जोर दिया। उन्होंने कहा हिंदू नियम कानून से भी रहता है। उन्होंने कहा कि जब हम दो, हमारे दो का नारा दिया गया था तो हिंदुओं ने इसे पूरी तरह से स्वीकार किया। उन्होंने कहा हिंदू कभी देश पर बोझ नहीं बनने की सोच रखता है। हिंदू बट रहा है तो घट भी रहा है। उन्होंने समाज के लोगों से जात-पात में ने बटकर एकजुट रहने का पुरजोर तरीके से आव्हान किया। नगर कार्यवाह अनमोल कंसल के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में तहसील प्रचारक नरेश,अनिल शर्मा, सभासद रोहित बिश्नोई, राजकुमार बिश्नोई, सभासद गोपाल शर्मा, भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि, जिला उपाध्यक्ष अरविंद गहलोत, प्रमोद चौहान, पूर्व नगर अध्यक्ष सौरभ मित्तल, संजय शर्मा, प्रबोध कुमार आदि मौजूद रहे।



सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित हिंदू सम्मेलन में अपने विचार रखतीं साध्वी प्राची

### टायर की दुकान में नकब लगाकर चोरी का पर्दाफाश, पकड़े गये तीन बदमाश



**चांदपुर ( चिंगारी )**। पुलिस ने चैकिंग के दौरान नगर में 10दिन पूर्व टायर की दुकान में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए तीन चोरों को गिरफ्तार किया। उनके पास से एक सिक्का पीली धातु,10सिक्के सफेद धातु, 6300 रूपये की नकदी, दो चैक बरामद किये। पकड़े गए चोरों में से एक चोर समून पर विभिन्न थानों में 22 मुकदमे दर्ज हैं। बिजनौर रोड स्थित रचना टायर्स की दुकान में चोरों ने 27/28 जनवरी की रात में पीछे से कुंबल लगाकर सोने-चांदी के सिक्के व 55 हजार रुपए की नकदी आदि चोरी कर ली थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चोरी की घटना के खुलासे के लिए टीम गठित की थी। शुक्रवार को पुलिस ने चैकिंग के दौरान डमपबल पुरी फाटक से मौ. समून पुत्र वाजिद निवासी ग्राम ब्रहादीपुर बेगावाला बिजनौर, शकील पुत्र ताहिर निवासी ग्राम बेगावाला व गुलजार पुत्र नूर अहमद निवासी ग्राम काजीवाला को एक अदद सिक्का पीली धातु, 10 सिक्के सफेद धातु, 6300रूपये की नकदी व दो चैक आदि के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में चोरों ने रचना टायर्स में पीछे से कुंबल लगाकर 10 हजार रुपए नकद,1800 रूपये फटे पुराने नोट, एक सिक्का सोने का व 12 सिक्के सफेद धातु के चोरी करना स्वीकार किया। बताया कि चारों ने ढाई-ढाई हजार रुपए बाट लिए थे तथा ढाई हजार रुपए व दो सिक्के वकार पुत्र इरफान निवासी ग्राम काजीवाला के हिस्से में आये थे, वे उसके ही पास हैं। पुलिस फरार वकार की तलाश में है। पुलिस को शकील ने बताया कि व इस पुलिस द्वारा बरामद गाड़ी का ड्राइवर है। गाड़ी मौ. शाहनवाज निवासी काजीपाड़ा की है, यह गाड़ी उसके पास ही रहती है।

### कैशलेस चिकित्सा सुविधा से वंचित शिक्षणेत्तर कर्मचारी, कर रहे आंदोलन की तैयारी

**बिजनौर ( चिंगारी )**। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ ने प्रदेश सरकार द्वारा सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को कैसलेस चिकित्सा सुविधा से वंचित किए जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए मजबूती के साथ आवाज बुलंद करने का निर्णय लिया है।



प्रदेश संघर्ष समिति के संयोजक व जिलाध्यक्ष मुकेश सिन्हा ने बताया प्रदेश सरकार ने बेसिक व माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों के साथ शिक्षामित्र, अनुदेशक, अंशकालिक शिक्षक व कर्मियों, रसोइयां को कैशलैस चिकित्सा सुविधा का शासनादेश जारी किया है, जबकि माध्यमिक विद्यालय की रीढ़ शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को इस सुविधा से वंचित किया गया है। प्रदेश संगठन के निर्णय से अवगत कराते हुए बताया प्रदेश के सभी सहायता प्राप्त माध्यमिक के शिक्षणेत्तर कर्मचारी 7 से 16 फरवरी तक प्रत्येक विद्यालय से मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर अपनी नाराज़गी ज़ाहिर कर शिक्षणेत्तर वर्ग को कैशलैस चिकित्सा सुविधा दिए जाने की मांग करेंगे। इसके अतिरिक्त प्रदेश के प्रत्येक जिला कार्यकारिणी की ओर से सभी विधायक व विधान परिषद सदस्य को जिला संगठन की ओर से मांग-पत्र देकर हस्तक्षेप करने व दोनों सदनों में शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के साथ हो रहे सौतेले व्यवहार व शोषण की आवाज बुलंद करने का अनुरोध करेगा। इसके अलावा आगामी 18 फरवरी से प्रारंभ हो रही बोर्ड परीक्षा में काली पट्टी बांधकर सरकार के निर्णय का विरोध करेंगे।


खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans


सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476


# मदरसा दारुल कुरआन में हुई तीन तलबा की दस्तारबंदी


जलसे को खिताब करते मुफ़्ती मोहसिन।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** मदरसा अरबिया दारुल कुरआन व सुन्नत मोहल्ला बच्चाबाग सीरवासुचंद में जलसा-ए-दस्तारबंदी का इनअकाद किया गया। मौलाना शफीक कासमी की सरपरस्ती, मौलाना अतीक मजाहिरी की सदारत व मौलाना इरफान कासमी की निजामत में मुनअकिद इस इजलास का आगाज कारी हसीबुर्रहमान की तिलावत-ए-कुरआन व मुफ्ती जाहिद की नातेपाक से हुआ। जलसे में मदरसे के तीन तलबा हाफिज अब्दुल्ला, हाफिज सैफुल्लाह व हाफिज मुहिबुल्लाह की दस्तारबंदी की गई। प्रोग्राम में मौजूद तमाम लोगों को खासतौर से खिताब करते हुए गुजरात से तशरीफ़ लाए आलिम-ए-दीन मुफ्ती मोहसिन ने कुरआन की फजीलत बयान की और दीनी तालीम के साथ-साथ दुनियावी तालीम हासिल करने पर भी जोर दिया। उन्होंने हाफिज-ए-कुरआन को अल्लाह का महबूब बंदा बताया और इनकी इज्जत-ओ-अहतराम करने का लोगों से आह्वान किया। जलसे में मुफ्ती वसीम कासमी, कारी अलीहुसैन, हाफिज अय्यूब, मौलाना नईम हयाती, कारी जमशेद शरीफनगरी, कारी आरिफ कासमी, मौलाना नईम मजाहिरी, हाफिज अमीर नवाज, हाजी शफी, शराफत ठेकेदार, प्रधानपति शकील अहमद, पूर्व प्रधानपुत्र सरफराज अंसारी, मौलाना आजम व मुफ्ती जुबैर वगैरा की मौजूदगी काबिल-ए-गौर रही। प्रोग्राम को कामयाब बनाने में मदरसे के मोहतमिम कारी अंसारुलहक व नाजिम कारी मौ.फैसल व कारी शाकिर अमीरी का अहम रोल रहा।

## मां-बाप की ख़िदमत, अच्छा सुलूक व इज़्ज़त करो - मुफ़्ती वसीम

### हाजी फ़रीद के यहां हुई दीनी मजलिस


दीनी मजलिसों को खिताब करते मुफ़्ती वसीम कासमी।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** पास के ग्राम सीरवासुचंद निवासी हाजी फरीद सलमानी के घर बीती रात एक दीनी मजलिस का इनअकाद किया गया, जिसे खासतौर से खिताब करते हुए सीरवासुचंद की शाही मस्जिद के इमाम-ओ-खतीब मुफ्ती वसीम अहमद कासमी ने मां-बाप की अहमियत बयान करते हुए कहा कि कुरआन मां-बाप के साथ अच्छा बर्ताव करने का हुक्म देता है, इसलिए उनकी खिदमत करो, इज्जत करो और उनसे अच्छे अखलाक से पेश आओ। मुफ्ती वसीम ने आगे कहा कि अगर किसी वजह से मां-बाप बुरा बर्ताव भी करें तो सब्र करो और फिर भी उनसे मोहब्बत बरकरार रखो। उन्होंने बताया कि मां-बाप की दुआ से इंसान बहुत ऊंचा मकाम हासिल कर सकता है, इसलिए उनकी नेक दुआएं हासिल करते रहो। अपने बयान में मुफ्ती वसीम ने दुनियावी तालीम के साथ-साथ दीनी तालीम पर भी जोर दिया। दीनी मजलिस को मौलाना असद, कारी मौ. फैसल ने भी खिताब फरमाया। इस मौके पर हाजी फरीद सहित उनके पुत्रों मौ. मोईद, मुकीम अहमद, मौ. शाहिद, मौ. शादाब, मौ. शहजाद, मौ. इरशाद व दिलशाद सलमानी वगैराह ने प्रोग्राम में मौजूद लोगों का बाअहतराम खैरमकदम किया। प्रोग्राम में हल्द्वानी से आए शरीफ सलमानी, कामिल खान, अकील सलमानी, अनीसुर्रहमान, एसएम असलम, नसीम अहमद आदि खासतौर से मौजूद रहे।

## मौ. मोनिस की मौत से परिवार में कोहराम

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** सड़क हादसे में हुई मौ.मोनिस की दर्दनाक मौत से मां-बाप, भाई-बहन व अन्य परिजन हाल-बेहाल हैं। ग्राम मानियावाला निवासी रईस कस्सार का पुत्र मौ. मोनिस (18 वर्ष) शुक्रवार की दोपहर बाइक द्वारा बादीगढ़ से हर्रावाला की ओर जा रहा था कि बादीगढ़ चौराहे से कुछ दूरी पर ही सामने से आ रहे वाहन ने मोनिस की बाइक में भीषण टक्कर मार दी थी, जिससे मोनिस की मौके पर ही मौत हो गई थी। थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि परिजनों के पीएम न कराने के अनुरोध पर मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया गया। मोनिस की मौत पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है और ग्रामीणों को भी उसकी मौत पर बेहद अफसोस है।


फाइल फोटो

## भाकियू की बैठक में किसानों की समस्याओं पर विचार

### एसआईआर में वोट कटवाने की साजिशों पर भी रोष जताया

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** शुक्रवार को नगर के कालागढ़ रोड स्थित गेस्ट हाउस में भाकियू (टिकैत) की अफजलगढ़ ब्लॉक इकाई की एक बैठक विजेंद्र सिंह की अध्यक्षता व राणा सिंह सैनी के संचालन में सम्पन्न हुई। बैठक में क्षेत्रीय किसानों की अनेक समस्याओं पर चर्चा कर द्वारिकेश शुगर मिलकर्मियों अनिल पवार व ललित कुमार एवं बिजली विभाग के एसडीओ श्रीकांत व अमित कुमार को किसानों की समस्याओं से अवगत कराया गया और शीघ्र समाधान की मांग की गई। बैठक में एसआईआर अभियान में कुछ लोगों द्वारा फर्जी ढंग से सही मतदाताओं के वोट कटवाने की साजिशों पर नाराजगी व्यक्त की गई। इस सम्बंध में यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान ने कहा कि एसआईआर में धांधली की साजिश पर संबंधित अधिकारियों द्वारा तत्काल संज्ञान नहीं लिया गया तो भाकियू (टिकैत) को आंदोलन करने पर मजबूर होना पड़ेगा। बैठक में रमेशचन्द्र शेखावत, वसीम गुर्जर, रिजवान हसन, रवैल सिंह, हरि सिंह, मुख्तियार सिंह, मौ. इरफान, मौ. इकबाल, सुरेन्द्र प्रसाद,अनीस अहमद, फुरकान अहमद, मौ. खालिद, बोबी, हेमराज सिंह, मौ. नासिर आदि अनेक किसान मौजूद रहे।


बैठक में विचार-विमर्श करते किसान।

## श्मशान घाट में झाड़ियों व गंदगी के अंबार लगे होने से लोग नाराज

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** पास के ग्राम मानियावाला स्थित श्मशान घाट में झाड़ियों व गंदगी के अम्बार देख ग्रामीणों ने रोष व्यक्त किया है। शुक्रवार को मानियावाला निवासी राजवीर सिंह, ऋषभ नंबरदार, शशांक, चंद्रपाल सिंह, विशाल, जतिन, गजराम सिंह, विपिन कुमार, जगदीश सिंह, महिपाल सिंह, शिवराज सिंह, विजेंद्र सिंह, सुधीर कुमार, सुनील कुमार, यशपाल सिंह, थम्मन सिंह, नरेंद्र सिंह, अशोक कुमार, जयविंद सिंह, सीताराम, मदन सिंह आदि शमशान घाट पहुंचे और वहां हर तरफ खड़ी ऊंची-ऊंची झाड़ियों एवं चारों ओर गंदगी के अम्बार देख उन्होंने कहा कि बड़े अफसोस की बात है कि अधिकारी और ग्राम प्रधान यहां सफाई की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों ने अविलंब सफाई व्यवस्था कराए जाने की मांग की है। उधर इस संबंध में ग्राम प्रधान पति तसव्वर कुरैशी का कहना है कि वहां पूर्व में भी सफाई कराई गई है और शीघ्र ही वहां फिर सफाई कराए जाने की व्यवस्था की जाएगी।


श्मशान घाट में सफाई न होने पर रोष जताते लोग।

## कैम्प लगाकर योजनाओं की जानकारी दी

**किरतपुर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद किरतपुर द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं के अंतर्गत पालिका प्रांगण में एक कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें पीएम स्वनिधि, पीएम सूर्या घर मुफ्त बिजली योजना एवं फैमिली आईडी हेतु आवेदन किए गए, जिनके राशन कार्ड नहीं हैं, उनके लिए फैमिली आईडी बनाई जा रही है। कैंप में पालिका अधिशासी अधिकारी मेघा गुप्ता भी मौजूद रहीं। उन्होंने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत छोटे दुकानदारों, ठेला रेहड़ी संचालकों एवं फुटपाथ पर व्यवसाय करने वालों के लिए 15000 रुपए का ऋण बैंक द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है तथा पीएम सूर्या घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सोलर पैनल लगवा सकते हैं। यह योजना आपके लिए बिजली के खर्च को लगभग शून्य कर देगी। इसमें सरकार द्वारा सब्सिडी भी दी जा रही है। जिसमें 1 किलोवॉट का सोलर पैनल लगवाने पर 45000 हज़ार रुपये, 2 किलो वॉट का सोलर पैनल लगवाने पर 90000 हज़ार व 3 किलोवॉट का सोलर पैनल लगवाने पर 1,08,000 रुपए सब्सिडी दी जाएगी। कैंप में PNEDA से आये विभागकर्मी, कर समाहर्ता बाबूराम, कर निरीक्षक ज्ञानेश्वरानंद, मुस्तकीम, नासिर, नीरव, संजीव, नोमान, सलीम आदि पालिकाकर्मी मौजूद रहे।



# व्यापारियों को पुलिस की ओर से हरसंभव सहयोग मिलेगा- एएसपी

## औद्योगिक प्रदर्शनी का समापन






**बिजनौर (चिंगारी)।** औद्योगिक आस्थान सहकारी समिति लिमिटेड, बिजनौर द्वारा आयोजित औद्योगिक प्रदर्शनी मेरा जनपद, मेरे उद्योग मेरा गौरव के अंतर्गत के समापन अवसर पर 'उद्यमी व्यापारी पुलिस मित्रता संगोष्ठी' का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. कृष्णगोपाल सिंह (पी.पी.एस.), अपर पुलिस अधीक्षक नगर, बिजनौर उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में उद्योग एवं व्यापार की सुरक्षा सुनिश्चित करने में पुलिस प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए कहा कि सुरक्षित वातावरण ही औद्योगिक एवं व्यापारिक प्रगति की आधारशिला होता है। उन्होंने उद्यमियों एवं व्यापारियों से संवाद और समन्वय को मजबूत बनाए रखने पर बल दिया तथा पुलिस प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन प्रदान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष अभिषेक गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी जनपद की औद्योगिक एवं व्यापारिक उन्नति तभी संभव है, जब वहां कानून व्यवस्था सुदृढ़, पारदर्शी एवं संवेदनशील हो।

संगोष्ठी में उद्योग एवं व्यापार से जुड़े विभिन्न मुद्दों, सुरक्षा संबंधी चुनौतियों तथा उनके व्यवहारिक समाधान पर सकारात्मक एवं सार्थक संवाद हुआ। इस अवसर पर सूर्यमणि रघुवंशी, मुकुल अग्रवाल, विनीत राजपूत, डॉ. आर.डी. उस्मानी, गौरव सिंह, जुल्फ़ुकार आलम सहित अनेक गणमान्य व्यक्तित्व मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विपुल कुमार रस्तोगी की गरिमामयी शैली में किया गया, जिसकी उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों द्वारा सराहना की गई।

# डीएम ने फरीदपुर मान में लगाई चौपाल

## ग्रामीणों से सरकारी योजनाओं का हाल जाना

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में शुक्रवार को गांव की समस्या-गांव में समाधान के तहत विकास खंड मौ.पुर देवमल के ग्राम फरीदपुर मान में ग्राम चौपाल का आयोजन कर ग्रामवासियों की समस्याओं का मौके पर समाधान कराया।

### सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत पर जांच के निर्देश दिये

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित करते हुए कहा कि गांव में प्राथमिकता के आधार पर स्वच्छ पेयजल मिशन के अंतर्गत पूर्ण मानक एवं गुणवत्ता के आधार पर शत-प्रतिशत घरों में पानी का कनेक्शन कराना सुनिश्चित करें।

विकास कार्यों के सत्यापन के दौरान गांव में दो आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक एवं उच्च विद्यालय, सीसी रोड निर्माण आदि के काम मानक के अनुरूप पूर्ण पाए गए। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत कुछ लाभार्थियों द्वारा बताया गया कि उनके नाम काट दिए गए हैं जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी लाभार्थियों की सूची उन्हें उपलब्ध कराई जाए ताकि उसका सक्षम स्तर से मिलान कर काटे गए नाम के कारणों का पता चल सके। उन्होंने निर्देश दिये कि 70 वर्ष से ज्यादा की आयु वाले प्रत्येक व्यक्ति एवं अंत्योदय कार्ड धारकों के शत-प्रतिशत रूप से आयुष्मान कार्ड बनाना सुरक्षित करें तथा गांव में विधवा, दिव्यांग तथा निराश्रित पेंशन के पात्र लाभार्थियों का चयन कर उन्हें भी शत-प्रतिशत रूप से शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। ग्रामवासियों द्वारा ग्राम समाज एवं अन्य सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने कहा कि उनके द्वारा टीम गठित कर जांच कराई जाएगी तथा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा पाए जाने पर कब्जामुक्त करते हुए अवैध कब्जाधारी के खिलाफ कार्यवाही भी अमल में लाई जाएगी।



## विद्यालय का निरीक्षण किया

कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी द्वारा ग्राम स्थित प्राथमिक तथा माध्यमिक विद्यालयों का निरीक्षण किया गया, जहां सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित पाई गईं। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों से प्रश्न भी किए। अंत में जिलाधिकारी द्वारा ग्राम में जल जीवन मिशन हर घर जल नमामि गंगे एवं जलापूर्ति विभाग (उत्तर प्रदेश) द्वारा पेयजल टंकी का स्तरीय निरीक्षण किया तथा संबंधित कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि पूर्ण मानक एवं समयबद्धता के साथ कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी मोहम्मदपुर देवमल राजवीर सिंह, नायब तहसीलदार सदर सहित अन्य विभाग अधिकारी एवं भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# रेस्टोरेंट में युवक-युवतियों की वीडियो बनाने वाले कर्मचारी के विरुद्ध मामला दर्ज

**बिजनौर (चिंगारी)।** फास्ट फूड एंड रेस्टोरेंट में स्पाई कैमरे से युवक-युवतियों की वीडियो बनाने का खुलासा होने के बाद दरोगा ने रेस्टोरेंट कर्मचारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। शहर कोतवाली में तैनात दरोगा कुलवीर सिंह द्वारा दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 4 फरवरी को करीब 11:50 बजे डायल 112 के माध्यम से सूचना मिली थी कि रेस्टोरेंट में स्पाई कैमरे से युवक-युवतियों की वीडियो बनाने पर कुछ लोग जमा हैं। सूचना मिलते ही वे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और रेस्टोरेंट की जांच की। जांच के दौरान पता चला कि रेस्टोरेंट में खाना बनाने का काम करने वाला युवक सतेन्द्र युवक-युवतियों को सीढ़ी के नीचे बने एक छिपे हुए स्थान पर बैठाता था, वहां उनकी चोरी-छिपे वीडियो बनाई जाती थी। इस तरह की गतिविधियों से खासतौर पर महिलाओं की निजता और सम्मान को ठेस पहुंचने की आशंका है। पुलिस ने मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी देखी, जिससे वीडियो की पुष्टि हुई है। पुलिस ने वीडियो फुटेज को सुरक्षित कर लिया है। शहर कोतवाल धर्मेन्द्र सोलंकी का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## नलकूप निर्माण खण्ड, मुरादाबाद

**निविदा सूचना संख्या-08/अधि0अभि0/न0नि0ख0मु0/2025-26**

महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें सिंचाई एवं जलसंसाधन विभाग उत्तर प्रदेश में वर्गीकृत श्रेणी मे पंजीकृत ठेकेदारो से दिनांक-09.02.2026 की प्रातः 10:30 बजे से दिनॉक-13.02.2026 की दोपहर 11:00 बजे तक बजट की प्रत्याशा में आमन्त्रित की जाती है, जो कि दिनांक-13.02.2026 की सांय 04:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित ठेकेदारो के समक्ष गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। इच्छुक ठेकेदार अथवा उनके प्रतिनिधि निविदा खोलने की प्रक्रिया के समय उपस्थित रह सकते है। कार्यालय बन्द होने, छुट्टी होने एवं अपरिहार्य कारणों की दशा में यह बिड अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेगी।

निविदा के साथ सिंचाई विभाग की निर्धारित श्रेणी में पंजीकरण प्रमाण पत्र, जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित चरित्र प्रमाण-पत्र **IDT-1**, हैसियत प्रमाण-पत्र **IDT-2** तथा स्वःघोषणा शपथ-पत्र **IDT-3** रू0 100.00 मात्र के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कराकर एवं अन्य आवश्यक प्रपत्रों की प्रतियॉ, धरोहर धनराशि एवं डिमाण्ड ड्राफ्ट निविदा के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नही की जायेगी। एक या समस्त निविदाओ को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | मात्रा | यूनिट | कार्य की अनुमानित लागत (रू लाख में) | धरोहरराशि (रू0में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | न्यूनतम पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| Lot-1 | Supply of 2.00mm to 3.35mm size (as per IS Code 4097-1967 reaffirmed 1999) pea gravel of Panchkula quarry duly washed, screened and properly stacked at site including Royality, Contractor profit,all taxes of Quarry and transportation up toTubewells Colony District Bijnore.( बजट की प्रत्याशा में) | 121 | घन मी0 | 5.81 | 12000 | 45 दिवस | 770जी0एस0टी0 सहित | "सी" सिविल /"ए" यांत्रिक |
| Lot-2 | Supply of 2.00mm to 3.35mm size (as per IS Code 4097-1967 reaffirmed 1999) pea gravel of Panchkula quarry duly washed, screened and properly stacked at site including Royality, Contractor profit,all taxes of Quarry and transportation up to Tubewells Colony District Moradabad. ( बजट की प्रत्याशा में) | 138 | घन मी0 | 7.64 | 8000 | 45 दिवस | 770जी0एस0टी0 सहित | "सी" सिविल /"ए" यांत्रिक |
| Lot-3 | Supply of 2.00mm to 3.35mm size (as per IS Code 4097-1967 reaffirmed 1999) pea gravel of Panchkula quarry duly washed, screened and properly stacked at site including Royality, Contractor profit,all taxes of Quarry and transportation up to Tubewell Colony District Sambhal.( बजट की प्रत्याशा में) | 66 | घन मी0 | 3.90 | 15500 | 45 दिवस | 770जी0एस0टी0 सहित | "सी" सिविल /"ए" यांत्रिक |

नोट- 1-यह बिड सूचना एवं **शेष शर्ते** सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश की वेबसाईट (http://idup.gov.in) पर उपलब्ध होगी।

R.O.No. 245302 Date: 05-02-2026
UPID.www.upgov.nic.in

**(सुधीर कुमार कटियार)**
**अधिशासी अभियन्ता**
**नलकूप निर्माण खण्ड, मुरादाबाद**

# प्रशासन ने हाउस अरेस्ट किया, फिर भी विवेक सेन ने तहसील परिसर में धरना दिया



**धामपुर ( चिंगारी )।** कथित तौर पर फार्म 7 के जरिए मतदाताओं के नाम कटवाने के मामले में प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही न किये जाने पर आंदोलन की चेतावनी को लेकर प्रशासन ने आज सुबह आसपा नेता एवं सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन को हाउस अरेस्ट कर लिया। लेकिन विवेक सेन पुलिस को चकमा देकर दोपहर एक बजे तहसील परिसर में धरना देने पहुंच गए।

आज सुबह लगभग 10 बजे तहसीलदार धामपुर, नायब तहसीलदार नहटौर तथा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ फूलबाग कॉलोनी स्थित विवेक सेन के आवास पर पहुंचे और हाउस अरेस्ट किए जाने की जानकारी दी। प्रशासन की इस कार्रवाई की सूचना मिलते ही आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता विवेक सेन के आवास पर पहुंच गए। विवेक सेन ने कहा कि प्रशासन सच्चाई को छुपाने और उनकी आवाज को दबाने का प्रयास कर रहा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। यह उनके मौलिक अधिकारों का हनन है।

बता दे कि विवेक सेन ने चार फरवरी को धामपुर तहसील में भारी संख्या में फार्म 7 पकड़े जाने पर प्रशासन को दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी थी। एसडीएम ने दो दिन के भीतर जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिलाया था। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिसके चलते आसपा ने आज धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी थी। समाचार लिखे जाने तक विवेक सेन के नेतृत्व में आसपा कार्यकर्ता तहसील परिसर में धरना दे रहे हैं।

# खुद को इंटेलिजेंस ब्यूरो का डिप्टी डायरेक्टर बताकर रौब गालिब करने वाला युवक गिरफ्तार



**धामपुर ( चिंगारी )।** मेरठ से आई एसटीएफ की टीम ने स्वयं को इंटेलिजेंस ब्यूरो का डिप्टी डायरेक्टर बता कर पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारियों पर अपना रौब गालिब कर काम करने वाले आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। टीम ने उसके पास से एक कार, दो मोबाइल फोन और फर्जी आईडी बरामद की है। उल्लेखनीय है कि कल मेरठ की एसटीएफ टीम अचानक धामपुर पहुंची और स्वयं को इन्टेलिजेंस ब्यूरो का डिप्टी डायरेक्टर बताने वाले मनोज चौहान पुत्र नरेन्द्र सिंह निवासी त्रिलोका वाला थाना नगीना को धामपुर में नगीना रोड स्थित गुलमोहर रेस्टोरेंट के पास से गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ निरीक्षक रविन्द्र कुमार ने बताया कि आरोपी की लंबे समय से शिकायत मिल रही थी, जिस पर उच्च अधिकारियों के आदेश पर मेरठ एसटीएफ ने जाल बिछाकर इस फर्जी डिप्टी डायरेक्टर को दबोचा है। एसटीएफ की ओर से धामपुर कोतवाली में उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है। देर रात तक कोतवाली में एसटीएफ द्वारा पूछताछ की जा रही थी।

# माघ मास शिव उपासकों के लिए ला रहा है शुभ अवसर : महंत राधेश्याम




महंत राधेश्याम

**धामपुर ( चिंगारी )।** श्रीराम मंदिर आश्रम, धामपुर के पीठाधीश्वर, शिव कथावाचक एवं राष्ट्रीय संत महंत राधेश्याम व्यास जी महाराज ने कहा है कि वर्ष 2026 का माघ मास शिव उपासकों के लिए एक असाधारण आध्यात्मिक अवसर लेकर आ रहा है। उन्होंने बताया कि माघ मास शुभ ग्रह योगों एवं दिव्य संयोगों से युक्त है, जिसके कारण इस अवधि में भगवान भोलेनाथ की आराधना, जप, तप, दान एवं अनुष्ठानों का फल कई गुना अधिक प्राप्त होता है। महंत राधेश्याम व्यास जी महाराज के अनुसार माघ मास केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि मानसिक शांति, कष्टों से मुक्ति और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन के लिए भी अत्यंत प्रभावशाली माना जाता है। उन्होंने कहा कि इस मास में श्रद्धा एवं नियमपूर्वक की गई शिव साधना से रोग, शोक, भय और बाधाओं से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है।

# छात्र-छात्राओं ने देखा पीएम का परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** शुक्रवार को बीरोंखाल के इंटर कॉलेज जोगीमढ़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से विद्यालय के छात्र-छात्राओं को दिखाया गया, जिसमें परीक्षा के समय होने वाले तनाव को कम करने के लिए प्रधानमंत्री ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार के परीक्षोपयोगी मंत्र दिये। प्रधानाचार्य डॉ. विजय कुमार राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम उत्तराखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र के विद्यालयों के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध हो रहा है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से प्रधानमंत्री की सलाह पर अमल करने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बिजनौर में आयुर्वेदिक जांच शिविर कल आठ फरवरी को



डॉ. अदिति चौधरी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. अदिति चौधरी (अदिति आयुर्वेदा आरोग्य क्लीनिक) द्वारा कल 8 फरवरी, रविवार को प्रात: 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक राजमिलन बैंकट हॉल, नगीना रोड, बिजनौर में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में व्यक्तिगत आयुर्वेदिक परामर्श, जीवनशैली एवं आहार का मार्गदर्शन, रोगानुसार आयुर्वेदिक उपचार, प्राकृतिक एवं सुरक्षित चिकित्सा, नाड़ी स्कैन पर छूट, नि:शुल्क सीबीसी (खून की जांच) एवं अन्य जांचों पर 20 प्रतिशत छूट तथा स्वर्णप्राशन की विस्तृत जानकारी दी जायेगी। 50 रुपये रजिस्ट्रेशन शुल्क होगा। रजिस्ट्रेशन कराने के लिए मोबाइल नम्बर 7017808626 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# धामपुर जंक्शन कॉलोनी में कल होगा हिन्दू सम्मेलन

**धामपुर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत कल विवेकानंद बस्ती अल्हैपुर के तत्वावधान में धामपुर जंक्शन कॉलोनी स्थित अनंत रिसोर्ट में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में श्रीधाम वृंदावन के महंत सत्य देवानंद जी महाराज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग पचारक क्रांति कुमार प्रांत सेवा प्रमुख तरुण सिंह विचार व्यक्त करेंगे।

# पानपदास के समाधिस्थल पर मेला व भण्डारा होगा कल

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला लोहियान क्षत्रिय नगर स्थित महंत पानपदास जी महाराज के समाधि स्थल पर कल 8 फरवरी, रविवार को उनकी 253वीं पुण्यतिथि पर वार्षिक भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान समाधि स्थल पर विशाल मेला भी लगेगा जहां नवजात बच्चों का मुंडन संस्कार भी होगा। बाबा पानप दास गुरुद्वारा गद्दी के महंत नारायण दास ने बताया कि कल प्रात: काल सर्वप्रथम मोहल्ला लोहियान स्थित महाराज जी की गुरुगद्दी से उनके द्वारा लिखित श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को पालकी में विराजमान करके शोभायात्रा के रूप में समाधि स्थल तक ले जाया जाएगा। जहां गुरु ग्रंथ साहब जी को स्थापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वार्षिक भंडारे और मेले की तैयारियां अंतिम चरण में है।

# 9 फरवरी से प्रतिदिन होगी श्री शिव महापुराण कथा

**धामपुर ( चिंगारी )।** माघ मास के पावन अवसर पर 9 फरवरी से 15 फरवरी 2026 तक श्रीराम मंदिर आश्रम, मोहल्ला साहूवान, धामपुर में प्रतिदिन सायंकाल 7 से 10 बजे तक संगीतमयी शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। इस कथा के दौरान महंत राधेश्याम व्यास महाराज भगवान शिव की महिमा, रुद्र तत्व, सृष्टि रहस्य, भक्ति मार्ग और सनातन संस्कृति की परंपराओं पर विस्तार से प्रकाश डालेंगे। कथा में भजन-कीर्तन और संगीतमय प्रस्तुतियां श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति से जोड़ेंगी। महंत जी ने बताया कि 15 फरवरी 2026 को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आश्रम परिसर में आठ प्रहर (24 घंटे) का अखंड महाशिव रुद्राभिषेक संपन्न कराया जाएगा। इस विशेष अनुष्ठान में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले यजमान भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से रुद्राभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे।

# जैनाचार्य विद्या सागर महाराज की चरण पादुकाओं का प्रक्षालन व आरती हुई

## रथ यात्रा के रूप में कराया गया नगर भ्रमण



जैनाचार्य विद्यासागर जी की चरण पादुका रथ यात्रा का बड़ी मंडी में पूजन करते हुए जैन धर्मावलंबी।

**धामपुर ( चिंगारी )।** जैन आचार्य विद्यासागर जी महाराज की पावन चरण पादुकाओं की रथ यात्रा का आज प्रात: नगर भ्रमण कराया गया। नहटौर बाईपास स्थित सुमंगलम फार्म हाउस से प्रारंभ हुई रथ यात्रा खारी कुआं होते हुए मोहल्ला गुजरातियान स्थित बड़ा जैन मंदिर पहुंची जहां से सकल जैन समाज द्वारा रथ यात्रा का नगर भ्रमण प्रारंभ किया गया।

रथ यात्रा खारी कुआं, भगत सिंह चौक, फल चौक, मेंन मार्केट होती हुई बड़ी मंडी पहुंची जहां रथ में रखी हुई चरण पादुकाओं का प्रक्षालन व आरती की गई। रथ यात्रा में सवार संजय जैन शास्त्री ने बताया कि यह रथ यात्रा वर्ष 2024 से लगातार निकाली जा रही है। उन्होंने बताया कि गुजरात राज्य में आचार्य जी की पावन स्मृति में एक पावन स्थल का निर्माण किया जा रहा है जिससे समाज की युवा पीढ़ी उनके व्यक्तित्व और कृतित्व से अवगत हो सकेगी। रथयात्रा में धामपुर से मनोज कुमार जैन, दीपक जैन, ऋषभ जैन, सुधाकर जैन, दिवाकर जैन, सम्यक जैन, मौलिक जैन, शुभम जैन, अभिषेक जैन, माधव जैन, अरुण कुमार जैन, रेखा जैन, शिल्पी जैन, कल्पना जैन, नीतू जैन, स्वाति जैन आदि भारी संख्या में जैन समाज के लोग शामिल रहें।

# राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में वीएसडी पब्लिक स्कूल को मिले तीन अवार्ड



**बिजनौर ( चिंगारी )।** नई दिल्ली के मयूर विहार में शिक्षकों एवं प्राचार्यों हेतु आयोजित नेशनल कॉन्फ्रेंस/राष्ट्रीय सेमिनार में वीएसडी पब्लिक स्कूल, बिजनौर के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य शिक्षकों एवं विद्यालय नेतृत्व को बदलते समय की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना तथा शिक्षा को अधिक प्रभावी, समावेशी और भविष्योपयोगी बनाना था। देशभर से आए शिक्षाविदों, प्राचार्यों एवं शिक्षा-प्रशासकों के साथ हुए विचार-विमर्श ने इस कार्यक्रम को अत्यंत प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक बना दिया।

वीएसडी पब्लिक स्कूल, बिजनौर के लिए यह अवसर गर्व और सम्मान का ऐतिहासिक क्षण बन गया, जब एक ही विद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर तीन-तीन प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुए, जो न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे बिजनौर जनपद के लिए गर्व का विषय है। विनय चौधरी, प्रधानाचार्य, वीएसडी पब्लिक स्कूल को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट नेतृत्व, दूरदर्शी सोच और समर्पित सेवाओं के लिए बेस्ट प्रिंसिपल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। उपप्रधानाचार्या अंजुम इरफाना को शिक्षा के क्षेत्र में उनके प्रेरणादायी नेतृत्व, प्रतिकूल स्वास्थ्य परिस्थितियों के बावजूद किए गए सतत प्रयासों, नवाचार और समाज के प्रति प्रतिबद्धता के लिए चेंज मेकर अवॉर्ड प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त, स्कूल को सीईडी इंडिया स्टार रेटेड स्कूल्स ऑफ इंडिया 2025 के अंतर्गत 5-स्टार रेटिंग से सम्मानित किया गया तथा विद्यालय को (सतत विकास लक्ष्यों) क्रियान्वयन में अग्रणी संस्था के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली।

# रासेयो शिविर का उद्घाटन



**हल्दौर ( चिंगारी )।** राजा हरवंश सिंह इंटर कॉलेज की एनएसएस प्रथम इकाई के विशेष शिविर का प्रथम दिन उद्घाटन दिवस के रूप में मनाया गया। शिविर का उद्घाटन प्राथमिक विद्यालय इनामपुरा में डा. राजपाल सिंह के कर कमलों द्वारा किया गया। इसके पश्चात् स्वयं सेविकाओं द्वारा लक्ष्यगीत गाया गया तथा ग्राम इनामपुरा में एक जनजागरुकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक उमेश चन्द गहलौत ने स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप जहां भी जायेंगे हर जगह आपको न मिलेगी, हर ना को हां में बदलना ही आपकी योग्यता का प्रमाण है। सेवानिवृत्त शिक्षक जयपाल सिंह ने स्वयं सेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों को बताते हुए कहा कि हमारा कार्य लोगों के साथ मिलकर कार्य करना है। कालेज के प्रधानाचार्य मेघराज सिंह राणा एवं मणिकांत कुमार ने स्वयंसेविकाओं को रासेयो के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की विषय में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योति राय, अवनीश कुमार, प्रवेंद्र कुमार, सुधीर कुमार, अमरदीप कुमार, श्रद्धा मिश्रा, ज्योति रानी आदि उपस्थित रहे।

## व्यापारियों ने जहीर प्रकरण में निष्पक्ष जांच की मांग की

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शुक्रवार को उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने एसपी को दिये ज्ञापन में कहा कि रौनक ट्यूबेल एवं मशीनरी स्टोर के संचालक जहीर अहमद लगभग 80 वर्ष के हैं। हाल ही में जहीर अहमद की पुत्रवधू ने उनके खिलाफ चारित्रिक आरोपों को लेकर एफआईआर दर्ज कराई है। संगठन के अनुसार, उनकी उम्र, सामाजिक प्रतिष्ठा और अब तक के साफ-सुथरे रिकॉर्ड को देखते हुए ये आरोप प्रथम दृष्टया संदिग्ध प्रतीत हो रहे हैं। इस तरह के मामलों से न केवल एक बुजुर्ग व्यक्ति की छवि धूमिल हुई है, बल्कि समाज में भी गलत संदेश गया है। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने एसपी से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और किसी निर्दोष व्यक्ति के साथ अन्याय न हो। प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष मनोज कुच्छल, मनीष त्यागी, बीएस राजपूत, अरविंद पाल सिंह, मानव सचदेवा, सचिन राजपूत आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने तरुण कुमार को किया सम्मानित

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने नेशनल मास्टर्स चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता तरुण कुमार को बधाई देते हुए सम्मानित किया। उन्होंने तरुण कुमार की मेहनत, अनुशासन और प्रेरणादायक प्रदर्शन की सराहना की। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि बिजनौर के पूर्व सैनिक हवलदार तरुण कुमार ने जिले और प्रदेश का नाम रोशन करते हुए 46वीं राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2026 में 110 मीटर हर्डल्स स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता मास्टर्स एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा तिरुवनंतपुरम (त्रिवेन्द्रम) में आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि पुरुष वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए हवलदार तरुण कुमार ने 17.14 सेकंड का शानदार समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता। इस उपलब्धि के साथ अब वे




अगस्त 2026 में दक्षिण कोरिया में आयोजित होने वाली वर्ल्ड मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष केशव चौधरी के पिता जी का निधन

**चांदपुर ( चिंगारी )।** भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष केशव चौधरी के पिताजी ब्रह्मपाल सिंह का कल शाम निधन हो गया। उनकी आयु लगभग 64वर्ष थी तथा वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन की खबर से उनके गांव मीरापुर में शोक व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। वे अपने पीछे भरे पूरे परिवार को छोड़ गये हैं। वे मिलनसार तथा दुःख-सुख में लोगों के काम आने वाले व्यक्ति थे। भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौहान, भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री चौ. सुधीन्द्र सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ब्लॉक प्रमुख पुत्र कपिल चौधरी, भाजपा के जिला महामंत्री नरेश भाटी, क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि, निशांत कर्णवाल, विकसित चौधरी, अर्पित गोयल व मंजीत चौधरी आदि ने उनके ग्राम मीरापुर स्थित आवास पर पहुंचकर दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को यह दारुण दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। चिंगारी परिवार की ओर से हार्दिक शोक संवेदना।

# मदरसा शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं 9 फरवरी से

**नूरपुर ( चिंगारी )।** न्यू हैवन इन्टर कॉलिज में मदरसा शिक्षा परिषद की परीक्षाएं 9 फ़रवरी से प्रारंभ होंगी। न्यू हैवन इन्टर कॉलिज के प्रबंधक नफ़ीस अहमद मंसूरी ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित मुंशी, मौलवी, आलिम की परीक्षाएं 9 फरवरी से 14 फरवरी तक आयोजित की जायेंगी। यह परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित कराई जायेंगी। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपरान्ह दो बजे से शाम बजे तक चलेंगी। परीक्षा केन्द्र पर 15 मदरसों मदरसा अहयाउल उलूम महदूद नशो, मौलाना अबुल कलाम आजाद गर्ल्स इंटर कॉलिज नूरपुर, मदरसा शिवाला पब्लिक हाईस्कूल शिवाला कलां, मदरसा हसीना परवीन मेमोरियल गर्ल्स इंटर कॉलिज मकसुदपुर, मदरसा शमा मेमोरियल पब्लिक स्कूल नूरपुर, मदरसा महताब निस्वा रेहटा बिल्लोच आदि मदरसों के छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल रहेंगे।



नफ़ीस अहमद मंसूरी

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# वोटों की निगरानी करेगा सपा का अधिवक्ता पैनल



**बिजनौर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य जिला प्रभारी एसआईआर डॉ. रमेश तोमर के आवास पर वोट बचाने को लेकर बैठक हुई, जिसमें अधिवक्ताओं का पैनल बनाया गया, जो काटे गये वोटों की निगरानी करेगा। डा. रमेश तोमर ने कहा कि वोट काटने, वोट चोरी एवं अन्य प्रकरणों करने वालों के खिलाफ सपा अधिवक्ताओं की निगरानी समिति का गठन किया गया, जो असंवैधानिक रूप से वोट काटने का प्रयास कर रहे हैं। सक्षम न्यायालय में उनके खिलाफ वाद दायर कर मुकदमा दर्ज कराया जायेगा, जिससे प्रत्येक नागरिक के वोट की रक्षा की जा सके। निवर्तमान जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने कहा कि भाजपा पीडीए खासकर मुस्लिम समाज के वोटों को काटने में लगी है। पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद हुसैन ने कहा कि भाजपा की बेइमानी इसे ले डूबेगी। आगे सपा सरकार बनने जा रही है। बैठक की अध्यक्षता अधिवक्ता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पंकज विश्नोई एड. ने की एवं संचालन बी.के. कश्यप एड. ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष गजेंद्र देवल एड., मदन सैनी एड., मंशाराम सैनी एड., वीरेंद्र यादव एड., आदिल एड., नरेंद्र एड., फुरकान एड., फिरोज अख्तर, अफसर एड., डॉ. सत्यपाल प्रवक्ता, अख़लाक़ पप्पू, काविश खान, नमन कुमार, जुनेद आलम एड. आदि मौजूद रहे।

# ‘5 लाख का इंतजाम कर लो, वर्ना जेल जाने को तैयार रहो’

## कश्मीरी लड़की के वायरल वीडियो के मामले में प्रधानपति ने 4 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया

**नांगल सोती (चिंगारी)।** पूंडरी कलां के ग्राम प्रधान पति ने दो महिलाओं सहित चार व्यक्तियों के विरुद्ध जबरन वसूली, आपराधिक षड्यंत्र रचने, आपराधिक धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम प्रधान पति संदीप राठी उर्फ टीनू ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह गांव की समस्याओं के समाधान में अग्रणी रहते हैं, इसलिये गांव की विपक्षी पार्टी उससे ईर्ष्या रखती हैं। गांव निवासी सलमान का चचेरा भाई कैफ जम्मू-कश्मीर के जिला पुलवामा के खीऊ थाना क्षेत्र से एक लड़की को भगा लाया था। लड़की नाबालिग थी, जिसके पिता द्वारा दर्ज कराये गये मुकदमे के आधार पर कैफ वर्तमान में जेल में बंद है। सलमान तथा उसकी पत्नी सोनू मलिक, कैफ के तयेरे भाई-भाभी हैं तथा कश्मीर की लड़की के सम्पर्क में हैं। सलमान पर गांव की ही लड़की से बलात्कार करने के आरोप में मुकदमा चल रहा है। विपक्षीगण उस पर सलमान के मुकदमे में फैसला करवाने का दबाव बनाते थे तथा कई बार कह चुके थे। इसी षड्यंत्र के तहत कश्मीर की युवती की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल की गई, जिसमें उसने आरोप लगाया कि प्रधानपति ने अपने घेर में बंधक बनाकर 10 दिन तक उसके साथ बलात्कार किया और उसे बेचने के लिये दुबई में ले जाना चाहता था।

संदीप राठी का कहना है कि एक फरवरी की रात्रि 10.09 बजे उसके मोबाइल पर फोन आया, जिसमें अंशुल कह रहा था कि सलमान का फैसला करवा दो और अपने बचने के लिये 5 लाख रूपये का इंतजाम कर लो। 2 लाख रूपये तुरंत लेकर आ जाओ और 3 तीन लाख बाद में दे देना। तुम्हारा फैसला करवा देंगे, वर्ना कश्मीर की लड़की सोनू मलिक और सलमान के कब्जे में है तथा किसी भी दिन तुम्हारे खिलाफ बलात्कार का मुकदमा दर्ज कराकर तुम्हें जेल भिजवा देंगे। फिर उसी रात्रि 11.06 पर फोन आया कि जल्दी इंतजाम कर लो, वर्ना जेल जाने को तैयार रहो। संदीप राठी का कहना है कि उसके पास उक्त बातचीत की रिकॉर्डिंग मौजूद है।

जांच के उपरान्त पुलिस ने सोनू मलिक पत्नी सलमान, सलमान पुत्र अनीस निवासीगण ग्राम पूंडरी कलां थाना नांगल, गुलशन पत्नी आजाद निवासी ग्राम महेश्वरी थाना कोतवाली देहात तथा अंशुल पुत्र नामालूम निवासी शकरपुरी थाना किरतपुर के विरुद्ध जबरन वसूली, आपराधिक षड्यंत्र रचने तथा आपराधिक धमकी देने के आरोप में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि अभी इस प्रकरण में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### मौ. कैफ के साथ संदीप राठी के घेर में रुकी थी युवती

उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में सीओ (सिटी) संग्राम सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से एक ट्वीट सामने आया था, जिसमें एक युवती पूंडरी कलां के प्रधानपति संदीप राठी पर 10 दिन तक बंधक बनाकर गलत काम करने का आरोप लगा रही थी। ट्वीट की गहनता से जांच करने पर पता लगा कि युवती जम्मू-कश्मीर के जिला पुलवामा की रहने वाली है। युवती अप्रैल 2025 में पूंडरी कलां के मौ. कैफ के साथ यहां आ गई थी। युवती के परिवारजनों द्वारा सम्बन्धित थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। 31 मई की रात्रि में युवती, मौ. कैफ तथा उसके पक्षकारों के साथ संदीप राठी के घेर में रुकी थी। अगले दिन सुबह ही जम्मू-कश्मीर पुलिस ने युवती को सकुशल बरामद कर लिया था। युवती के बयान मजिस्ट्रेट के सम्मुख दर्ज हुए थे, जिनमें उसने ट्वीट में लगाये गये आरोपों के बारे में कुछ नहीं बताया था। उधर संदीप राठी के द्वारा एक ऑडियो पुलिस को दी गई है, जिसमें कुछ स्थानीय व्यक्ति युवती के आरोपों को लेकर उससे पैसा उगाही का दबाव बना रहे हैं। इस सम्बन्ध में थाना नांगल में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। प्रधानपति संदीप राठी ने 4 फरवरी को उक्त ऑडियो के साथ पुलिस अधीक्षक से शिकायत की थी, जिसकी जांच सीओ सिटी को सौंपी गई थी।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# बरकातपुर मिल ने किया 2 फरवरी तक का भुगतान

## समस्त गन्ना मिल को ही आपूर्ति करें किसान



**नांगल सोती (चिंगारी)।** बरकातपुर चीनी मिल के संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह राठौर एवं महाप्रबंधक (गन्ना) विकास पुंडीर ने बताया कि 2 फरवरी तक खरीदे गये गन्ने का भुगतान सहकारी गन्ना विकास समिति नजीबाबाद तथा बिजनौर के माध्यम से शुक्रवार को किसानों के खातों में भेज दिया गया है। उन्होंने क्षेत्रीय किसानों से अनुरोध किया है कि आप गत वर्षों की ही भांति इस वर्ष भी अपना बेसिक कोटा बनाये रखें तथा अपना समस्त आपूर्ति योग्य गन्ना चीनी मिल को ही आपूर्ति करें। रोगग्रस्त हो चुकी गन्ना प्रजाति सीओ-0238 की बुआई कदापि न करें तथा चीनी मिल स्टाफ द्वारा सुझायी जा रही उन्नतशील एवं अधिक पैदावार देने वाली गन्ना प्रजातियों की ही बुआई करें। अपनी समस्त पेडी, पौधे की गन्ना फसल में ट्राईकोडर्मा 2 लीटर प्रति एकड़ का प्रयोग अवश्य करें तथा फसल को बीमारियों से सुनिश्चित करें। पौधे गन्ने की कटाई के उपरान्त खेत में आर.एम.डी. चलाकर ठूठों की कटाई करें तथा अपनी पेडी फसल में अधिक फुटाव प्राप्त करें। उन्होंने आगे कहा कि जो प्लॉट लाल सड़न रोग से ग्रसित हैं, उनमें पेडी किसी भी दशा में न रखें, वर्ना सारा गन्ना रोगी हो जायेगा। अस्वीकृत एवं रोगग्रस्त गन्ना प्रजातियों जैसे पीबी 95, सीओ 5011, सीओ 86032, सीओ 3102 इत्यादि की बुआई न करें। गन्ना फसल सम्बन्धी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिये चीनी मिल स्टाफ से संपर्क करें।

Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध है!

MEVRICK 440 पर पायें
50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
आकर्षक उपहार

XTREME 160 पर पायें
10,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

# परीक्षा देने जा रही छात्राओं के साथ नकाबपोश युवक ने की अश्लीलता

**शेरकोट ( चिंगारी )।** परीक्षा देने जा रही तीन छात्राओं के साथ एक नकाबपोश बाइक सवार युवक ने रास्ता रोककर अश्लीलता की। आरोपी भयभीत हुई छात्राओं को घटना के बारे में किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। स्कूल प्रधानाचार्य द्वारा शिकायत किये जाने पर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार की सुबह क्षेत्र के एक गांव निवासी तीन छात्राएं शेरकोट के एक स्कूल में परीक्षा देने जा रही थी। छात्राओं ने बताया कि महामाया डिग्री कॉलेज के पास पहुंचने पर बाइक पर सवार एक नकाबपोश युवक स्टंट दिखाते हुए आया और उनका रास्ता रोककर अभद्रता करते हुए अश्लीलता की। छात्राओं का कहना है कि आरोपी उन्हें किसी से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। बताया जाता है कि इस घटना से छात्राएं डर और सहम गईं और इस दौरान भयभीत छात्राओं को कुछ राहगीरों ने स्कूल तक पहुंचाया। छात्राओं द्वारा घटना के सम्बन्ध में बताने पर स्कूल के प्रधानाचार्य ने पुलिस से शिकायत कर अज्ञात युवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने बाइक सवार युवक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिये हैं।

## व्यवस्थित ढंग से लगाया जायेगा नहटौर का कपड़ा बाजार

**नहटौर ( चिंगारी )।** सुप्रसिद्ध कपड़ा बाजार को व्यवस्थित ढंग से नगर पालिका ने लगाने के लिए व्यवस्था बनाई। अधिशासी अधिकारी ओम गिरि ने बिना लाइसेंस के संचालित बाजार का सामान जब्त करने की चेतावनी दी है। शुक्रवार को अधिशासी अधिकारी ओमगिरि ने पालिका टीम के साथ नगर के बाजार की व्यवस्था का दर्जा लिया। इस दौरान उन्होंने पतंग का चाइनीज़ मांझा बेचने पर कारवाई की चेतावनी दी। अधिशासी अधिकारी ने कपड़ा बाजार में पहुंचकर सभी फड़ लगने वाले लोगों ने व्यापारियों से पालिका में रजिस्ट्रेशन कराने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि पालिका द्वारा बाजार को व्यवस्थित ढंग से संचालित किया जाएगा। अधिशासी अधिकारी ओम गिरि ने कहा कि सड़क पर किसी तरह का बाजार नहीं लगाया जाएगा। दुकान का सामान अंदर ही रखा जाएगा। सड़क पर यदि सामान रखा जाता है तो वह ज़ब्त कर लिया जाएगा।

## घर में घुसकर मारपीट की, ट्रैक्टर में आग लगा दी

**हरेवली/शेरकोट ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम नगरपुर खड़कसैन निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर अपने ही गांव के चार लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है, जबकि दूसरे पक्ष का आरोप है उनके साथ मारपीट की गई है। राजो देवी पत्नी विजयपाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बृहस्पतिवार की रात उनके परिजन नजीबाबाद विवाह समारोह में गए हुए थे और घर पर उनके पति विजयपाल सिंह अकेले थे। आरोप है कि इस दौरान विजयपाल सिंह को अकेला पाकर रंजिश रखने वाले नरेश कुमार, ठाकुर त्रिलोक सिंह और शिवा घर में घुस आए और विजयपाल के साथ मारपीट शुरू कर दी। वहीं दूसरे पक्ष का आरोप है कि विजयपाल और तेजपाल आदि ने ठाकुर सिंह के साथ मारपीट कर उसे घायल किया है। सब इंस्पेक्टर संजय पाल ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से तहरीर मिली है। घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## खेत में पतंग उड़ाने से मना किया तो महिला का दांत तोड़ दिया

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** महिला ने अपने गेहूं के खेत में पतंग उड़ा रहे युवक को बाहर निकलने को कहा, तो उसने अपने चाचा के साथ मिलकर महिला का दांत तोड़ दिया। महिला ने दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। नांगल थानांतर्गत ग्राम सराय आलम निवासी इमराना पत्नी नफीस का कहना है कि जब वह बस्ती के समीप स्थित अपने गेहूं के खेत पर गई थी, तो गांव का ही रहबर पुत्र जुल्फकार उसके खेत में खड़ा होकर पतंग उड़ा रहा था, इससे गेहूं की फसल खराब हो रही थी। उसने युवक से खेत से बाहर निकलकर पतंग उड़ाने के लिये कहा, तो उसने गालियां देते हुए हाथापाई शुरू कर दी। उसके बाद वह अपने चाचा शकील को लेकर उसके घर पर आ गया तथा फिर मारपीट की। महिला का कहना है कि मारपीट में उसका दांत टूट गया है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने चाचा-भतीजे के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## संजय राठी का स्वागत किया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय लोकदल मुजफ्फरनगर के जिलाध्यक्ष बनने पर संजय राठी के आवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। इसी क्रम में जिलाध्यक्ष संजय राठी की भांजी बिजनौर अम्बे बिहार कालोनी की रहने वाली आरजू चौधरी ने अपने पति पिंकुर चौधरी के साथ अपने मामा के आवास मुजफ्फरनगर पहुंचकर उनका बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर आरजू चौधरी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी का आभार जताया तथा अपने मामा से रालोद में रहकर सभी वर्गों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने की अपील की।

## उर्मिला अग्रवाल की स्मृति में पुस्तकालय का शुभारंभ, एसडीएम ने किया उद्घाटन

**नहटौर ( चिंगारी )।** वीके इंटरनेशनल स्कूल, नहटौर में स्वर्गीय उर्मिला अग्रवाल की स्मृति में पुस्तकालय का शुभारंभ हुआ, जिसका उद्घाटन धामपुर एसडीएम स्मृति मिश्रा ने फीता काटकर किया। लाइब्रेरी उद्घाटन कार्यक्रम के अवसर पर विद्यार्थियों ने स्वागत गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। लाइब्रेरी शुभारंभ एसडीएम स्मृति मिश्रा, विकास अग्रवाल, शरद जैन तथा विद्यालय प्रबंधक सुधीर कुमार अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, एमडी शिल्पी कुमार अग्रवाल, ईडी प्रार्थना अग्रवाल तथा स्कूल प्रधानाचार्या प्रेरणा चौधरी ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथि विकास अग्रवाल ने पुस्तकालय के महत्व के विषय में बताते हुए कहा कि पुस्तकें हमारी सच्ची मित्र होती हैं। इसलिए हमें अपनी पुस्तकों को संभालकर रखना चाहिए तथा उनसे प्रेरणा लेकर अपने जीवन को सफल बनाने का प्रयास करते रहना चाहिए। पुस्तकालय किसी भी विद्यालय का हृदय होता है, जहां से ज्ञान, विचार और संस्कारों का विकास होता है। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 7वीं की छात्रा आराध्या अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में अध्यापिका समाना नकवी, रजनीश कुमार शर्मा, प्रतीक्षा राजपूत, रूपम शर्मा, अंजु चौहान, रुचि चौहान, पलक राजपूत, सायका शकील, प्रिंयका त्यागी, नीरज कुमार, अमन तोमर आदि उपस्थित रहे।

## झोपड़ी में आग लगने से मजदूर झुलसा

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ग्राम जीतपुर खास निवासी बाबूराम (65 वर्ष) ग्राम खानपुर में स्थित एक पावर-कोल्हू में परिवार सहित भट्टी झोंकने का कार्य करता था। उक्त कोल्हू का संचालन जीतपुर के ही तेजपाल सिंह, राजपाल सिंह आदि करते हैं। भट्टी के समीप ही बाबूराम ने झोपड़ी डाल रखी थी, जिसमें गत रात्रि वह अकेला सो रहा था। जबकि उसका पुत्र, भतीजा तथा दो अन्य युवक कढ़ाव के पास दूसरी जगह सो रहे थे। गत रात्रि लगभग साढ़े ग्यारह बजे उसकी झोपड़ी में आग लग गई। जब तक दूसरी जगह सो रहे युवकों को पता लगा, तब तक झोपड़ी का अधिकांश भाग जल चुका था। युवकों ने आग के बीच घिरे बाबूराम को खींचकर बाहर निकाला। बाबूराम बुरी तरह से झुलस गया। गंभीर रूप से झुलसे बाबूराम को समीपुर (नजीबाबाद) तथा जिला अस्पताल से रैफर किये जाने पर एम्स, ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत चिंताजनक बताई जाती है।



# अवैध साप्ताहिक बाज़ार बना भीषण जाम का सबब

**नहटौर ( चिंगारी )।** कांवड़ यात्रा के मद्देनजर 5 फरवरी से रूट डायवर्ट हो गया है। नहटौर में कोतवाली रोड को पुलिस प्रशासन द्वारा कांवड़ियों की सुरक्षा के अंतर्गत बड़े वाहन और चौपहियां वाहनों के लिए बंद कर दिया जाएगा। बड़े वाहनों को वाया धामपुर गुजारा जाएगा। सड़क चौड़ीकरण के अंतर्गत धामपुर रोड की एक साइड को खुदाई करने के बाद आधा अधूरा रेत, बजरी डालकर छोड़ दिया है, जो जाम का बड़ा कारण भी है। इसके अलावा सोमवार और शुक्रवार को लगने वाला अवैध साप्ताहिक बाजार कोढ़ में खाज का काम कर रहा है, जिसके कारण यातायात पूरी तरह से बाधित हो जाता है। सोमवार, शुक्रवार को एजेंसी चौराहे पर भीषण जाम लगता है। नगरवासियों का कहना है कि उक्त बाजार पालिका और प्रशासन द्वारा बंद कर दिया था, लेकिन उसके बाद भी संचालित हो रहा है। अधिशासी अधिकारी ओम गिरि ने बताया कि अनाधिकृत रूप से संचालित बाजार में जो भी व्यापारी अपनी दुकान लगाएगा उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पालिका द्वारा बाजार लगाने के लिए बड़े स्तर पर व्यवस्था की गई है। रूट डायवर्ट प्लान को देखते हुए पुलिस प्रशासन का सहयोग लेकर बाजार बंद कराया जाएगा और सड़कों से अतिक्रमण हटाया जाएगा।

# अंश डबास की कामयाबी का सिलसिला जारी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शादीपुर मिलक निवासी संजीव डबास व नूतन डबास के पुत्र अंश डवास ने कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में दो फरवरी से 14 फरवरी तक आयोजित की जा रही एशियन शूटिंग चैंपियनशिप के 10 मीटर एयर राइफल के जूनियर वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए 247.5 अंक प्राप्त कर सिल्वर मेडल अपने नाम किया। प्रतियोगिता का स्वर्ण पदक हरियाणा के हिमांशु व कांस्य पदक तामिलनाडु के नारायण प्रणव विनिथा सुरेश के नाम रहा। प्रतियोगिता में 20 देशों के खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। अंश डबास ने एक बार फिर पदक जीतकर अपने गांव, जनपद और प्रदेश का नाम रोशन किया है। इससे पूर्व अंश पिछले वर्ष अगस्त में कजाकिस्तान में आयोजित एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में यूथ कैटेगरी में दो गोल्ड व एक कांस्य पदक जीतकर जनपद का नाम रोशन कर चुका है। वर्तमान में अंश डबास का प्रशिक्षण इंटरनेशनल शूटिंग रेंज न्यू दिल्ली दीक्षांत जाधव इंटरनेशनल कोच के संरक्षण में चल रहा है। शूटिंग की बारिकियां जनपद बिजनौर के शूटिंग कोच आकाश कुमार द्वारा सिखाई गई हैं और अभी भी उनका मार्गदर्शन मिल रहा है। अंश डबास ने यह साबित कर दिया कि मेहनत और लगन कभी बेकार नहीं जाती। प्रधान सतेन्द्र सिंह, ताऊ जी, तेजेन्द्र सिंह, भूतपूर्व प्रधान मुनेश सिंह, कामेन्द्र सिंह, रामेंद्र सिंह, आशीष सिंह, तुकमान सिंह, सोनू ढाका सिंह, मुन्नू सिंह, शुभ डबास, बंस डबास, तेजस्वी डबास, अंशिका डबास, राहुल डबास, मनीत ढाका कब्बडी कोच, नवीन ढाका, श्रीपाल सिंह, तेजपाल सिंह, मुकेश चौधरी, योगेश शर्मा आदि ने घर जाकर शुभकामनाएं प्रेषित कीं। विवेकानन्द दिव्य भारती उत्तर के अध्यक्ष योगेन्द्रपाल सिंह योगी, संरक्षक डा. सुबोधचन्द्र शर्मा, रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन टीकम सिंह सेंगर, जिला व्यायाम शिक्षक अरविन्द अहलावत, विनय तितोरिया द्वारा खुशी व्यक्त करते हुए बधाइयां दी हैं।



# पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की बैंच की मांग को जनान्दोलन बनाने की तैयारी

## जल्द ही संगठन बनाया जायेगा- राजेन्द्र कुमार



**बिजनौर ( चिंगारी )।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की बैंच की स्थापना की मांग को जनान्दोलन बनाने की तैयारी की जा रही है। जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार एवं वर्तमान अध्यक्ष यशपाल सिंह एड. ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की बैंच की स्थापना की मांग को जनान्दोलन का रूप देने के लिये एक प्रभावी संगठन बनाने की योजना तैयार की जा रही है। इसके लिये प्रबुद्ध नागरिकों के साथ सलाह-मश्वरा किया जा रहा है। वरिष्ठ अधिवक्ताओं, पत्रकारों, किसान व मजदूर संगठनों के प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं तथा छात्र नेताओं से रायशुमारी की जा रही है। संगठन के नाम और उसकी नियमावली तैयार कर उसकी पंजीकरण कराया जायेगा। संगठन का मुख्य उद्देश्य पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच की शीघ्र स्थापना के साथ-साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लघु सचिवालय की स्थापना कराये जाने की मांग की जायेगी। राजेन्द्र कुमार ने यह भी बताया कि हाईकोर्ट बैंच स्थापना हेतु अधिवक्ताओं की संघर्ष समिति जो भी निर्णय लेगी, उसका भी संगठन द्वारा पूरा सहयोग व समर्थन किया जायेगा। राजेन्द्र कुमार ने कहा है कि जो भी व्यक्ति इस सम्बंध में अपना विचार या सुझाव देना चाहते हैं, वे उनसे (राजेन्द्र कुमार एड.) व यशपाल सिंह (अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन) से मोबाइल नम्बर 9467891133, 9927025431, 8755040587, 9758319582, 8899505500, 9412013188 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# पिकअप गाड़ी की टक्कर से कार सवार युवक की मौत, चार घायल

**पैजनिया ( चिंगारी )।** नहटौर थाना क्षेत्र के गांव बसावनपुर की नहर की पुलिया पर मैक्स पिकअप गाड़ी की टक्कर से कार सवार गांव पैजनिया निवासी एक युवक की दुखद मौत हो गई, जबकि उसके परिवार के चार लोग घायल हो गए। इतना ही नहीं, इसी परिवार में एक माह पूर्व भी सड़क दुर्घटना में एक युवक की दुखद मौत हो गई थी। एक माह के भीतर लगातार दो युवकों की मौत होने से परिवार पर गमों का पहाड़ टूट पड़ा।

शुक्रवार की शाम को गांव पैजनिया निवासी विजय पाल का पुत्र ललित अपने ताऊ बाबूराम पाल, राजवीर पाल, ओमीपाल व भतीजे गौरांश के साथ कार में सवार होकर गांव बसावनपुर से पैजनिया लौट रहे थे। इस दौरान पशुओं से लदी मैक्स पिकअप गाड़ी का कुछ पुलिसकर्मी पीछा कर रहे थे, बताया जाता है कि मैक्स पिकअप गाड़ी के चालक ने हड़बड़ाहट में ललित की कार में जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें कार सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, घायलों को पहले सीएचसी नहटौर ले जाया गया, गंभीर रूप से घायल ललित को बिजनौर हायर सेंटर भेज दिया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बीते 30 दिसंबर को इसी परिवार के बाबूराम पाल एवं उनका पुत्र संजीव घर के सामने ही सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे, जिसमें लंबे उपचार के बाद संजीव ने दम तोड़ दिया था और बाबूराम पाल गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

# कांवरतियों की सुरक्षा की मांग

**चांदपुर ( चिंगारी )।** शिवसेना यूबीटी कार्यकर्ताओं ने महाशिवरात्रि पर्व को ध्यान में रखते हुए कांवरतियों की सुरक्षा की समुचित व्यवस्था किये जाने तथा मार्गों को सही किये जाने की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी चांदपुर को ज्ञापन दिया। आज दोपहर शिवसेना युवा सेना के जिलाध्यक्ष विकास त्यागी,मंडल प्रमुख एंड आर के आर्य,जिला प्रमुख चौ. संजय राणा व भवानी सेना की जिला प्रमुख श्रीमती सोनम त्यागी के नेतृत्व में कार्यकर्ता तहसील पहुंचे तथा उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि अगले कुछ दिनों में कांवड़ लेकर कावरतियो का आगमन शुरू हो जाएगा, इस को ध्यान में रखते हुए कावरतियो के गुजरने वाले रास्ते पर गड्ढों को भरे जाने, मार्गों पर पानी व रोशनी की व्यवस्था किए जाने, मीट की दुकानों, मांसाहारी होटलों को बन्द कराये जाने, पुलिस के साथ साथ महिला पुलिस की तैनाती किये जाने तथा चांदपुर-बास्टा रोड का निर्माण शीघ्र कराये जाने की मांग की गई।



# चुप्पी साधे हुये हैं नेता, जर्जर मार्ग दिखाई नहीं देता



## कम्भौर में ग्रामीणों का धरना जारी, पुतले फूंकने की तैयारी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** चांदपुर की चुंगी से ग्राम फतेहपुर तक सड़क की खस्ता हालत को लेकर ग्रामीणों का धरना प्रदर्शन आज तीसरे दिन भी जारी रहा। ग्रामीणों ने विरोध स्वरूप मिट्टी के डम्परों तथा बिजनौर शहर का कूड़ा लेकर आने वाली गाड़ियों को रोक दिया। कहा कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी, वे विरोध प्रदर्शन करते रहेंगे। साथ ही चेतावनी दी कि जनप्रतिनिधियों के पुतले फूंकेंगे। ग्रामीणों ने इस बात को लेकर बहुत रोष है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार होते हुये भी शिव भक्त कांवड़ियों की समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा। अधिकारियों के कानों पर जूं नहीं रेंग रही। जनप्रतिनिधि तथा सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं ने भी चुप्पी साध रखी है। जनता की सेवा का राग अलापने वाले नेताओं को जनता की इतनी बड़ी समस्या नजर नहीं आ रही। आज धरना स्थल पर गौरव धीमान, अतुल शर्मा, मोहित कुमार, अंकित पाल, राजीव धीमान एड., कपिल कुमार, गौरव सिंह, निखिल कुमार, पारूल, राधिका, हिमानी वर्मा, मौ. नबील, मौ. सलीम, डा. सत्यपाल सिंह, नजाकत कम्भौर आदि मौजूद रहे।

# नामकरण संस्कार में भोजन ग्रहण करने को लेकर दो पक्षों में चले लठ

**पैजनिया ( चिंगारी )।** गांव औलियापुर में नामकरण संस्कार में दावत खाने को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले, जिसमें दोनों पक्षों के महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। शुक्रवार की शाम को हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव औलियापुर निवासी हरपाल सैनी के पौत्र का नामकरण संस्कार था, जिसमें गांव वालों को दावत दी गई थी। दावत खाने को लेकर हरपाल के पुत्र विपिन और जगदीश सैनी के बीच कहासुनी हो गई, इसके बाद दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले, जिसमें जगदीश सैनी विपिन सैनी एवं विपिन सैनी की पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच दावत में खाना खाने को लेकर विवाद हुआ है, अभी तक किसी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं मिली है । तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# एक दिवसीय संगोष्ठी एवं उन्मुखी कार्यक्रम का आयोजन



**नूरपुर ( चिंगारी )।** बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को शहीद परवीन सिंह रिक्खी सिंह सभागार में एक दिवसीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विकास क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने प्रतिभाग किया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख आकांक्षा चौहान व खण्ड शिक्षा अधिकारी अमरेश व डायट मेंटर निशा ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।पूर्व माध्यमिक विद्यालय धमरौला के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना पर सास्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया तथा संविलियन विद्यालय छजुपुरा के बच्चों द्वारा अतिथि स्वागत गीत पर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही खण्ड शिक्षा अधिकारी अमरेश ने परिषदीय विद्यालयों में चल रही शासन की योजनामों विद्यालयों में एमडीएम योजना,डीबीटी योजना, साक्षरता मिशन,निपुण भारत मिशन, यू डायस,शारदा कार्यक्रम, एक पेड़ मां के नाम, एलबीडी कार्यक्रम, प्रेरणा पोर्टल, ऑनलाइन उपस्थिति एक पुस्तकालय कॉम्पोज़िट ग्रांट आदि पर जानकारी दी। मुख्यअतिथि आकांक्षा चौहान ने विभाग द्वारा चलाए जा रहे कायाकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत भवन निर्माण,रंगाई पुताई,चित्र पेंटिंग, शौचालय आदि पर जोर दिया।उन्होंने सभी प्रधानों को सहयोग का आश्वासन दिया।डायट मेंटर निशा ने बच्चों के शैक्षिक सुधार, एफएलएन निपुण आंकलन पर चर्चा की।कार्यक्रम का संचालन भूपेन्द्र सिंह ने किया। कार्यक्रम में जाहिद अल्वी, भोपाल सिंह, विकपाल सिंह, गुलज़ार अहमद, नासिर हुसैन, राजवीर सिंह, दयानन्द, मिनाक्षी आदि शिक्षक उपस्थित रहे।




# भारत ने जीता अंडर-19 विश्वकप का छठा खिताब

## इंग्लैंड को 100 रन से हराया



**हरारे (एजेंसी/चिंगारी)।** वैभव सूर्यवंशी (175) के विस्फोटक शतक और गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारत ने शुक्रवार को फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड पर 100 रनों से बड़ी जीत दर्ज करते हुए अंडर-19 विश्वकप का अपना छठा खिताब जीता। 412 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसने पांचवें ही ओवर में जोसेफ मूर्स (17) का विकेट गंवा दिया।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आये बेन मेयस ने बीजे डॉवकिंस ने दूसरे विकेट के लिए 74 रन जोड़े। 13वें ओवर में खिलन पटेल ने बीजे डॉवकिंस को आउट कर इंग्लैंड को दूसरा झटका दिया। बीजे डॉवकिंस ने 28 गेंदों में सात चौके और दो छक्के लगाते हुए 45 रन बनाये। कप्तान थॉमस रियू (31) को कनिष्क चौहान ने आउट किया। इसके बाद 21वें ओवर में भारत ने इंग्लैंड के तीन विकेट झटककर अपनी जीत पक्की कर ली। रलफी एलबर्ट (शून्य) रनआउट, फरहान अहमद (एक) और सेबेस्तियन मॉर्गन (शून्य) को दीपेश देवेंद्रन ने आउट किया। कैलेब फाल्कनर (115 ), जेम्स मिंटो (28) रन बनाकर आउट हुए। इंग्लैंड की टीम 40.2 ओवरों में 311 रन ही बना सकी और 100 रनों से मुकाबला हार गई।

भारत के लिए दीपेश देवेंद्रन ने दो विकेट लिये। अम्ब्रिश को दो विकेट मिले,कनिष्क चौहान ने दो विकेट लिए,खिलन पटेल और आयुष म्हात्रे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले यहां वैभव सूर्यवंशी (175) के विस्फोटक शतक, कप्तान मयंक अग्रवाल (53) और अभिज्ञान कुंडु (40 ) की पारियों की बदौलत भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ नौ विकेट पर 411 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। वैभव सूर्यवंशी ने 80 गेंदों पर 175 रन में 15 चौके और 15 छक्के लगाये। उनके क्रीज पर रहते भारत 500 रन की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा था, लेकिन इंग्लैंड ने अंतिम 10 ओवरों में अच्छी वापसी की। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसने चौथे ही ओवर में एरन जॉर्ज (नौ) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान आयुष म्हात्रे ने वैभव के साथ पारी को संभाला और दोनों बल्लेबाजों ने तेजी के साथ रन बटोरे।

दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 142 रनों की साझेदारी हुई। 19वें ओवर में एलेक्स ग्रीन ने आयुष म्हात्रे को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा, लेकिन उससे एक गेंद पहले छक्का लगाकर वह अपना अर्धशतक पूरा कर चुके थे। आयुष म्हात्र ने 51 गेंदों का सामना किया और सात चौके और दो छक्के लगाये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये वेदांत त्रिवेदी एक छोर थामे खड़े रहे। वहीं दूसरे छोर से वैभव सूर्यवंशी छक्के और चौकों की बरसात करते हुए तेजी के साथ अपना और टीम का स्कोर बढ़ाते रहे। इसी दौरान वैभव सूर्यवंशी ने 55 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। उन्होंने 20वें ओवर की अखिरी गेंद पर एक रन लेकर अपना शतक बनाया। 26वें ओवर में वैभव सूर्यवंशी तीसरे विकेट के रूप में आउट हुये। उन्हें मैनी लुम्सडेन की गेंद पर विकेट के पीछे थॉमस रियू ने कैच आउट किया।

वैभव सूर्यवंशी ने 80 गेंदों में 15 चौके और 15 छक्के लगाते हुए 175 रनों की विस्फोटक शतकीय पारी खेली इस दौरान वह अंडर-19 की एक पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गये।

## भारत ए ने बनाये नामीबिया को 130 रनों से रौंदा



**बेंगलुरु (एजेंसी/चिंगारी)।** रियान पराग (69), नमन धीर (39) और आशुतोष शर्मा (35) की आतिशी बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारत ए ने टी-20 विश्वकप से पहले शुक्रवार को खेले गये अभ्यास मैच में नामीबिया को 130 रनों से रौंद दिया। 199 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नामीबिया की टीम भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे 12.1 ओवर में 67 रन पर सिमट गई। नामीबिया के लिए जान फ्राइलिन्क (12), डायलन लीचर (22) की दोहरे आंकड़े तक पहुंच सके। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सके। भारत ए के लिए गुरजपनीत सिंह, मयंक यादव, अशोक शर्मा, विप्रज निगम ने दो-दो विकेट लिये। आयुष बडोनी और रवि बिश्नोई ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। यहां भारत ए ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। भारत ए की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसने दूसरे ही ओवर में प्रियांश आर्य (पांच) का विकेट गंवा दिया। अगले ही ओवर में उर्विल पटेल (14) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। इसके बाद नमन धीर और रियान पराग की जोड़ी ने तीसरे विकेट के लिए 111 रन जोड़े। 14वें ओवर में एराई इरास्मस ने पहले रियान पराग को आउट किया। रियान पराग ने 39 गेंदों में पांच चौके और छह छक्के लगाते हुए 69 रनों की पारी खेली। इसी ओवर की तीसरी गेंद पर उन्होंने नमन धीर 29 गेंदों में (39) को भी अपना शिकार बना लिया। नमन धीर ने अपनी पारी में एक चौका और तीन छक्के लगाये। आशुतोष शर्मा ने 21 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए 35 रन बनाये। भारत ए ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 198 रन बनाये।

## क्रिकेट का नया 'सूर्य'!

### *अंडर-19 विश्वकप के फाइनल में सबसे तेज शतक ठोका*

**हरारे (एजेंसी/चिंगारी)। वैभव सूर्यवंशी ने शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ अंडर-19 विश्वकप फाइनल में मात्र 55 गेंद में सबसे तेज शतक ठोका। इसके साथ ही वह अंडर-19 विश्व कप के फ़ाइनल में शतक बनाने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए तथा एक पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने की उपलब्धि भी हासिल की। यहां टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम के लिए 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए महज 55 गेंदों में अपना शतक पूरा किया, जो कि विश्वकप के फाइनल का सबसे तेज शतक है। उन्होंने अपनी 175 रनों की पारी में 80 गेंदों का सामना किया और 15 चौके और 15 छक्के उड़ते हुए इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ा दीं। उन्होंने 175 रन में 150 रन केवल चौके और छक्के लगाकर अर्जित किये। वैभव ने एक सीजन में 23 छक्के लगाकर अंडर-19 विश्व कप में सर्वाधिक छक्के लगाने की उपलब्धि भी हासिल की। उन्होंने 71 गेंदों में सबसे तेज 150 रन बनाने की उपलब्धि भी हासिल की। उन्होंने इंग्लैंड के बेन मायस के रिकार्ड को तोड़ा। बेन मायस ने स्कॉटलैंड के खिलाफ 98 गेंदों में 150 रन बनाये थे। वैभव ने 32 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया तथा अगले 50 रन महज 16 गेंदों में ठोक डाले।**




## फ़्लू से लड़कर मंधाना ने आरसीबी को जिताया ख़िताब

**वडोदरा (एजेंसी/चिंगारी)।** स्मृति मंधाना ने फ़्लू से लड़ते हुए ना सिर्फ़ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) को दूसरी बार डब्ल्यूपीएल ख़िताब जिताया, बल्कि ख़ुद सामने से नेतृत्व करते हुए इस जीत में 41 गेंदों पर 87 रन बनाकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आरसीबी के प्रमुख कोच मलोलन रंगराजन ने दिल्ली कैपिटल्स के ख़िलाफ़ छह विकेट की जीत के बाद कहा, उन्हें (स्मृति को) तेज बुखार था और हालत सच में ख़राब थी। लेकिन फिर भी वह मैदान पर आईं और एक पल के लिए भी किसी को महसूस नहीं होने दिया कि उन्हें फ़्लू है। टीम में यह किसी को पता तक नहीं था। यही स्मृति हैं। जब कल दोपहर मैंने उनसे बात की तो उन्होंने कहा, नहीं, मालो, कोई प्रॉब्लम नहीं, मैं खेलूंगी। यही उनका वर्क एथिक है। मंधाना के ऊंचे मानकों के हिसाब से भी यह पारी बड़े दबाव में लक्ष्य का पीछा करने की एक शानदार मिसाल थी।

## नीदरलैंड्स टीम डेविस कप मुकाबले के लिए तैयार : पॉल हारहुइस

**बेंगलुरु (एजेंसी/चिंगारी)।** डच डेविस कप टीम इस वीकेंड भारत के ख़िलाफ़ कड़े मुक़ाबले के लिए न सिर्फ़ तैयारी कर रही है, बल्कि अपनी तैयारियों को बेहतर बनाने के साथ-साथ बेंगलुरु की संस्कृति में भी पूरी तरह घुल-मिल गई है।

शहर की ऊंचाई के हिसाब से ख़ुद को ढालने के लिए सामान्य से पहले पहुंची टीम ने स्थानीय जानकारी के लिए डच महिला टीम से भी सलाह ली है और भारतीय खाने और अनुभवों का आनंद लिया है। मैच से पहले प्रेस कॉन्फ़्रेंस में बोलते हुए, कप्तान पॉल हारहुइस ने कहा कि टीम को शानदार सुविधाओं और भारतीय एसोसिएशन से मिले मज़बूत समर्थन से फ़ायदा हुआ है। उन्होंने कहा, पिछले चार दिनों में तैयारियां बहुत अच्छी रही हैं, और बेंगलुरु की गर्मजोशी भरी मेहमाननवाज़ी की तारीफ़ की। भारतीय टीम की ताकत को मानते हुए, हारहुइस ने कहा, यह वीकेंड मुश्किल होगा। दोनों टीमें मज़बूत हैं, और यह उस दिन के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों को ख़ास तौर पर स्थानीय परिस्थितियों, जिसमें ऊंचाई भी शामिल है, को संभालने के लिए चुना गया है, और टीम ने एडजस्ट करने के लिए अतिरिक्त दिन लिये हैं- जो कि मुक़ाबले से पहले सामान्य दो या तीन दिनों से कहीं ज़्यादा हैं।

# छात्र-छात्राएं तनावमुक्त रहकर परीक्षाएं दें : धन सिंह रावत

## शिक्षा मंत्री ने विद्यालय में सुना परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** भरत मंदिर इंटर कॉलेज ऋषिकेश में शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने प्रधानमंत्री के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को बच्चों के बीच बैठकर सुना और छात्र-छात्राओं को परीक्षा में तनाव मुक्त रहकर परीक्षा देने की सलाह दी और कहा कि परीक्षा में तनाव लेने से केवल नुकसान होता है जबकि तनाव मुक्त परीक्षा देने से आप अच्छे अंक प्राप्त करते हैं और आपका स्वास्थ्य भी सही रहता है। परीक्षा में चर्चा कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत, श्री भरत मंदिर के महंत वत्सल प्रपन्नाचार्य जी महाराज मुख्य शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार ढौंडियाल और खंड शिक्षा अधिकारी धनवीर सिंह बिष्ट,



प्रधानाचार्य यमुना प्रसाद त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वालित कर किया। मुख्य शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार ढौंडियाल ने भी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए मोदी जी द्वारा बताये गए सुझावों को अपने जीवन में प्रयोग करने की सलाह दी और प्रधानमंत्री जी के परीक्षा में चर्चा कार्यक्रम को छात्रों के लिये उपयोगी बताया। इस अवसर पर सीनियर एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट लखविंदर सिंह के नेतृत्व में शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया जिसकी शिक्षा मंत्री द्वारा काफी प्रशंसा की गई और कहा कि एनसीसी के सभी छात्र-छात्राएं अनुशासित और प्रशिक्षित हैं। कठोर प्रशिक्षण से ही एक एनसीसी कैडेट तैयार होता है इस अवसर पर प्रधानाचार्य यमुना प्रसाद त्रिपाठी, वरिष्ठ प्रवक्ता लेफ्टिनेंट लखविंदर सिंह, शिव प्रसाद बहुगुणा, डॉ. सुनील दत्त थपलियाल, जयकृत सिंह रावत, जितेंद्र बिष्ट, रंजन अंथवाल, जूनियर विंग के एनसीसी अधिकारी विकास नेगी, विवेक शर्मा, अजय कुमार, सुनील थपलियाल, हरि सिंह, नीलम जोशी, शालिनी कपूर, ज्योतिर्मय शर्मा, निवेदिता अग्रवाल, आदि उपस्थित थे।

# वीरेन्द्र कुमार अध्यक्ष एवं पुष्पेन्द्र कुमार बने मंत्री

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड वन विकास निगम कर्मचारी संघ के द्विवर्षीय चुनाव प्रक्रिया संपन्न हो गई है। इस दौरान वीरेंद्र कुमार को प्रभागीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। शुक्रवार को चुनाव अधिकारी चंद्रपाल सिंह व सहायक चुनाव अधिकारी अश्वनी कुमार के दिशा-निर्देशन में संपन्न द्विवार्षिक चुनाव प्रक्रिया में वीरेंद्र कुमार को प्रभागीय अध्यक्ष, विनोद कुमार को उपाध्यक्ष, पुष्पेंद्र कुमार को मंत्री, सैयद जुबेर को संगठन मंत्री, अल्का रावत को कोषाध्यक्ष, जयदीप पुंडीर को संयुक्त मंत्री व हरपाल सिंह को प्रचार मंत्री चुना गया। वहीं दिनेश रावत को कार्यकारिणी सदस्य की जिम्मेदारी दी गई। इस मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष दलवीर सिंह रावत, पूरन राठौर, जीवन सिंह, मुकेश बड़थ्वाल, मधुबाला रौथाण आदि मौजूद रहे।

# जनकल्याण योजनाओं का ग्रामीणों को लाभ पहुंचा रहा बहुउद्देश्यीय शिविरों का आयोजन

## मेरुड़ा में लगाया गया शिविर

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन पर जनपद की सभी न्याय पंचायतों में चलाये जा रहे जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के तहत विकासखंड जयहरीखाल की न्याय पंचायत मेरुड़ा में गुरूवार को बहुद्देश्यीय शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 44 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। वहीं 251 लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया गया। शिविर में अपर सचिव पंचायतीराज श्याम सिंह ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कई मामलों का मौके पर समाधान करते हुए शेष शिकायतों के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिये। अपर सचिव ने कहा कि प्रदेश सरकार का यह अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की योजनाओं और सेवाओं को सीधे लोगों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे शिविरों से आमजन को योजनाओं का लाभ आसानी से मिल रहा है। उन्होंने अधिकारियों से अधिक से अधिक पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़ने पर जोर दिया। शिविर में 23 विभागों के स्टॉल लगाए गए थे, जहां मौके पर ही विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया गया।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख रणवीर सजवाण, ज्येष्ठ उप प्रमुख सुरेन्द्र नेगी, एसडीओ कालागढ़ टाइगर रिजर्व लैंसडाउन शिप्रा वर्मा, अधिशासी अभियंता लोनिवि विवेक कुमार, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी लैंसडाउन बीरेंद्र भट्ट, जिला पंचायतीराज अधिकारी जितेंद्र कुमार, खंड विकास अधिकारी रवि सैनी, ग्राम प्रधान मेरुड़ा सुनीता देवी सहित अन्य विभागों के अधिकारी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# नारी व बाल निकेतन की संवासिनियों व बालिकाओं को कराया गया विशेष एक्सपोजर विजिट

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री की प्रेरणा, देहरादून जिला प्रशासन के सतत, संवेदनशील और प्रयासों के परिणामस्वरूप देहरादून स्थित राजकीय महिला कल्याण एवं पुनर्वास केंद्र नारी निकेतन तथा बालिका निकेतन में निवासरत संवासिनियों और बालिकाओं को आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता एवं समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में निरंतर सशक्त किया जा रहा है। जिलाधिकारी सविन बंसल के मार्गदर्शन एवं उनकी संवेदनशील पहल पर नारी निकेतन की संवासिनियों एवं बालिका निकेतन की बालिकाओं के लिए एक विशेष एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य केवल भ्रमण या मनोरंजन नहीं, बल्कि उन्हें सामाजिक वातावरण से जोड़कर आत्मविश्वास, अपनत्व और सकारात्मक सोच को सुदृढ़ करना रहा।नारी निकेतन में निवासरत महिलाओं को क्रॉसरोड मॉल ले जाया गया, जहाँ उन्हें बहुचर्चित देशभक्ति फिल्म 'बॉर्डर-2' दिखाई गई। इसके उपरांत

## देशभक्ति की फिल्म दिखाई रेस्टोरेंट में भोजन कराया

स्थानीय रेस्टोरेंट में स्नेहपूर्ण वातावरण में दोपहर का भोजन कराया गया तथा मॉल में स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों का एक्सपोजर विजिट कराया गया। संवासिनियों के चेहरों पर झलकती प्रसन्नता, आत्मविश्वास और अपनत्व की अनुभूति इस बात का प्रमाण थी कि वे समाज के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ने के लिए उत्साहित हैं। उनके मन-मस्तिष्क में एक नई आशा, नई शुरुआत और बेहतर भविष्य का संकल्प स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा था।

जिला प्रशासन द्वारा आयोजित यह एक्सपोजर विजिट न केवल संवासिनियों और बालिकाओं के चेहरों पर मुस्कान लेकर आया, बल्कि उनके सपनों को नई दिशा, नई उड़ान और नया विश्वास भी प्रदान कर गया। जिलाधिकारी के प्रयासों से यह पहल नारी निकेतन की संवासिनियों के मानसिक, सामाजिक एवं भावनात्मक सशक्तिकरण की दिशा में एक अनूठा और प्रेरणादायी उदाहरण बनी है। यह पहल टूटे विश्वासों को संजोने, बिखरी जिंदगियों को सहारा देने और नई शुरुआत का साहस जगाने की एक सशक्त एवं जीवंत कोशिश है आयोजन के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट, नारी निकेतन की अधीक्षिका सोनल राणा आदि उपस्थित थे।

# मनीष शर्मा बने मिस्टर एवं अमीषा बनी मिस हैप्पी होम

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत जौनपुर स्थित हैप्पी होम स्कूल में 12वीं के विद्यार्थियों के लिए शुक्रवार को फेयरवेल समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान 11वीं के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में अमीषा राज सिंह मिस और मनीष कुमार शर्मा मिस्टर हैप्पी होम चुने गए।

समारोह का उद्घाटन विद्यालय की निदेशक उषा सिंह व प्रधानाचार्य शालिनी सिंह ने किया। तत्पश्चात इंटर के छात्र-छात्राओं ने स्कूल की यादों को साझा किया। वहीं 11वीं के छात्र-छात्राओं ने अपने वरिष्ठ साथियों के सम्मान में नृत्य, गीत और कविता आदि की प्रस्तुत देर सभी को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान मिस व मिस्टर फेयरवेल का आयोजन हुआ, जिसमें मिस हैप्पी होम का खिताब अमीषा राज सिंह ने और मिस्टर हैप्पी होम का खिताब मनीष कुमार शर्मा ने अपने नाम किया। वहीं मिस स्पार्क का खिताब आस्था और मिस्टर स्पार्क का खिताब तनुज बिष्ट ने जीता। साथ ही मिस्टर हैंडसम मोहम्मद तमसी अब्बासी, मिस चार्मिंग प्रियांशु, मिस्टर स्पोर्ट्स मास्ट्रो मयंक नौडियाल और सृष्टि कुकरेती को मिस एलीगेंस चुना गया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# समागम हमें अनमोल वचन सुनने की प्रेरणा प्रदान करता है : ओ.पी. निरंकारी



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित के आशीर्वाद से गढ़ी श्यामपुर में आयोजित विशाल समागम में चण्डीगढ़ से पहुंचे जोनल इंचार्ज ओ.पी.निरंकारी ने प्रवचन में कहा कि निरंकार की रजा में जीवन जीना ही सच्ची भक्ति है।संत समागम में भक्तों ने प्रेरणादायक प्रवचनों से आत्मिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा का सुखद आनंद प्राप्त किया। उन्होंने अपने वचनों में फरमाया कि मानव जीवन अनमोल है इसका मूल उद्देश्य ईश्वर को की भक्ति करना है। संत समागम हमें अनमोल वचन सुनने और उन्हें जीवन में अपनाने का अवसर देता है। संत सत्य और सत्संग का मार्ग चुनते हैं। सत्संग से आरंभ हुआ जीवन हर पल निरंकार के एहसास को और अधिक दृढ़ करता चला जाता है। संत आत्ममंथन द्वारा सकारात्मक परिवर्तन लाते हैं और निरंकार को सर्वोपरि मानते हुए सेवा, सुमिरन और सत्संग को जीवन की प्राथमिकता बनाते हैं। कार्यक्रम में रायवाला, भोगपुर डोईवाला, बालावाला, तीमली, यमकेश्वर, 14 बीघा, 20 बीघा, भनियावाला, ऋषिकेश, विस्थापित, मानसादेवी आस पास क्षेत्रों के भक्तजन उपस्थित थे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# यूपी में वोटर अब 6 मार्च तक नाम जुड़वा पाएंगे

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने कहा है कि 10 अप्रैल को अंतिम मतदाता सूची जारी होगी। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर दावा-आपत्ति और मैपिंग की प्रक्रिया जारी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अब तक फॉर्म-7 के कुल 82,684 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जबकि फॉर्म-6 के अंतर्गत 37,80,414 आवेदन आए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि फॉर्म-6 के आवेदन लगातार बढ़ रहे हैं, क्योंकि बड़ी संख्या में ऐसे नागरिक सामने आ रहे हैं, जिनके नाम पहले मतदाता सूची में दर्ज नहीं थे और वे अब अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर रहे हैं। वहीं, विदेश में रह रहे पात्र भारतीय नागरिक फॉर्म-6ए के माध्यम से मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। मैपिंग (गणना फॉर्म) से जुड़ी स्थिति पर जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया के दौरान लगभग 1 करोड़ 4 लाख मतदाता ऐसे पाए गए, जिनमें तार्किक विसंगतियां पाईं गईं। इन्हीं विसंगतियों के कारण फिलहाल उन्हें मतदाता सूची में शामिल नहीं किया गया है और अब इन सभी को नोटिस भेजे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कुल 3 करोड़ 26 लाख मतदाताओं को नोटिस भेजे जाने हैं, जिनमें से अब तक 2 करोड़ 37 लाख नोटिस जनरेट किए जा चुके हैं। इनमें से 86 लाख नोटिस मतदाताओं को वितरित किए जा चुके हैं। साथ ही, 30 लाख 30 हजार मतदाताओं की सुनवाई पूरी कर ली गई है।

### एसआईआर फाइनल लिस्ट 10 अप्रैल को आएगी




## बिकाऊ है

तीन दुकानें 10X33 फीट फर्स्ट फ्लोर, एक हॉल 20X30 फीट एवं 400 वर्ग गज प्लॉट, नेहरु स्टेडियम के सामने, पार्वती निवास, चैतन्य कॉम्पलैक्स में बिकाऊ है।

सम्पर्क करें-

6395709896, 9412714583

## खुशखबरी खुशखबरी खुशखबरी

सभी किसान भाइयों को जानकर हर्ष होगा कि अमन कोल्ड स्टोरेज नजीबाबाद रोड, किरतपुर में आलू का भंडारण 10 फरवरी से आरंभ हो रहा है।

संपर्क सूत्र- 9358193577, 9457762649, 9870954969


# इस्लामाबाद की इमामबारगाह में विस्फोट से 31 मरे

**इस्लामाबाद ( एजेंसी/चिंगारी )।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद के एक इमामबारगाह में शुक्रवार को नमाज के दौरान हुए जोरदार बम धमाके में कम से 31 लोगों की मौत हो गयी और 170 अन्य घायल हो गए। इस्लामाबाद के डिप्टी कमिश्नर इरफ़ान नवाज़ मेमन ने हताहतों की पुष्टि करते हुए कहा कि यह धमाका इस्लामाबाद के शहज़ाद टाउन इलाके में स्थित एक इमामबारागाह में हुआ। घायलों की संख्या को देखते हुए अधिकारियों ने आस-पास के सभी बड़े अस्पतालों में इमरजेंसी लगा दी। उन्होंने कहा कि घायलों का इलाज इस्लामाबाद और पास के रावलपिंडी शहर के अलग-अलग अस्पतालों में चल रहा है और मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है क्योंकि घायलों में से कई लोगों की हालत गंभीर है। धमाके के बाद, सुरक्षा बलों, पुलिस और बचाव टीमों ने घटनास्थल को घेर लिया और तलाशी अभियान शुरू कर दिया। अधिकारी धमाके के प्रकार की जांच कर रहे हैं। चश्मदीदों के मुताबिक, एक आत्मघाती हमलावर ने मस्जिद के गेट पर रोके जाने के बाद खुद को उड़ा लिया, जिससे लोग हताहत हुए और मस्जिद और आस-पास की इमारतों को भी नुकसान पहुंचा। इस घटना के बाद राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। किसी भी व्यक्ति या समूह ने तुरंत इस हमले की ज़िम्मेदारी नहीं ली है।


## अदिति आयुर्वेदा
सर्वे सन्तु निरामयाः
आरोग्य क्लीनिक, बिजनौर
डा. अदिति चौधरी (आयुर्वेद विशेषज्ञा)
आयुर्वेदिक स्वास्थ्य जाँच शिविर
दिनांक- 8 फरवरी, 2026 (रविवार) समय- प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक
शिविर में उपलब्ध सेवाएं -
- व्यक्तिगत आयुर्वेदिक परामर्श
- जीवनशैली एवं आहार पर मार्गदर्शन
- रोगानुसार आयुर्वेदिक उपचार
- प्राकृतिक एवं सुरक्षित चिकित्सा
- नाड़ी स्कैन पर छूट (Smart AI Based Test)
- निःशुल्क CBC (खून की जांच) चिकित्सक की सलाह पर एवं अन्य जांचों पर 20% की छूट
- स्वर्णप्राशन की विस्तृत जानकारी (0-16 वर्ष तक के बच्चों के लिए)

PATRON MEMBER :- AFI (Ayurveda Federation of India)
आयुर्वेद ही उम्मीद है !!
नोट : रजिस्ट्रेशन कराने के लिये नीचे दिए गए मो.नं. पर सम्पर्क करें
7017 808 626
कॉल करने का समय - प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक
रजिस्ट्रेशन शुल्क - 50/-
यह शिविर केवल स्वास्थ्य जांच एवं आयुर्वेद जागरूकता हेतु है। गंभीर रोगों के लिए क्लीनिक में विस्तृत परामर्श आवश्यक है।
शिविर का स्थान
निकट राजमिलन बैंकट हॉल, नगीना रोड, बिजनौर

## Kajaria Exclusive Showroom
Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom




8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

## बिजनौर जनपद में
एक मात्र CEAT TYRE STOP
कोई भी रोड, कोई भी लोड
ट्रैक्टर, कार, मोटर साईकिल, स्कूटर लेटेस्ट मशीन द्वारा एक्यूरेसी कार के लिये अलाईनमेंट, बैलेंसिंग टायर फिटिंग एवं नाइट्रोजन



ON-THE-SPOT CLAIM RESOLUTION
UNCONDITIONAL WARRANTY *
COMPUTERISED TYRE SERVICE
Authorised Dealer : CEAT Ltd.
*नियम व शर्तें लागू
KHANNA MOTORS & DIESEL ENGINEERING WORKS
नगीना रोड, ऐश्वर्य होटल के सामने जी.के. मार्केट, बिजनौर
मो. 9149075426, 9760110452 फोन. 01342-263312
आवश्यकता है- अनुभवी, कुशल युवक की
आकर्षक वेतन योग्यतानुसार।